विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

सोफा, दीवान, कुर्सी, पलंग, ड्रेसिंग टेबल, डायनिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचर के निर्माण एवं विक्रेता
शारदा विहार, रेल्वे क्रासिंग के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023

आवश्यकता है
ज्वेलरी दुकान में काम करने के लिए अनुभवी सेल्समेन व सेल्स गर्ल की आवश्यकता है।
-: संपर्क करें :-
सुनालिया ज्वेलर्स
पावर हाउस रोड कोरबा

वर्ष 34 अंक 336 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 06 सितम्बर 2023 डाक 07 सितम्बर 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में पूर्व राष्ट्रपति एस. राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**देश-विदेश**
प्रेसिडेंट ऑफ भारत के बाद अब प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत, भाजपा प्रवक्ता के पोस्ट पर सियासी घमासान तय

**फीचर पेज**
खोया हुआ चेहरे का नूर लौट आएगा वापस, बस नारियल की मलाई से ऐसे करें फेस मसाज


## सनातन धर्म पर विवादित टिप्पणी के लिए स्टालिन और प्रियांक खरगे के खिलाफ केस दर्ज, लगे ये आरोप

**रामपुर, 06 सितम्बर [एजेंसी]।**

सनातन धर्म पर टिप्पणी करने के मामले में तमिलनाडु के युवा कल्याण एवं खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियंक खरगे के खिलाफ रामपुर के सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। सिविल लाइंस क्षेत्र के एकता विहार कॉलोनी निवासी अधिवक्ता राम सिंह लोधी और आवास विकास कॉलोनी निवासी अधिवक्ता हर्ष गुप्ता ने एसपी को एक प्रार्थना पत्र दिया। इसमें आरोप है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पुत्र और कर्नाटक सरकार में ग्रामीण एवं पंचायती राज मंत्री प्रियंक खरगे ने सनातन धर्म पर टिप्पणी की थी। जिससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इससे



समाज में दो वर्गों के बीच वैमनस्यता उत्पन्न हो गई है। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। पुलिस ने बुधवार को कहा कि डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक खड़गे के खिलाफ कथित तौर पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में यहां प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि स्टालिन पर सनातन धर्म को खत्म करने का आह्वान करने और खड़गे पर उनकी टिप्पणी का समर्थन करने के लिए मामला दर्ज किया गया है।

एसपी अशोक कुमार शुक्ला ने बताया कि सिविल लाइंस कोतवाली में आईपीसी की धारा 153 ए, 295ए के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। स्टालिन ने शनिवार को तमिलनाडु में एक कार्यक्रम के दौरान सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से की थी। उनकी टिप्पणियों पर राजनीतिक दलों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और भाजपा ने कांग्रेस पर उनकी टिप्पणियों की निंदा करने पर जोर दिया।

## इंडिया शब्द को बदलकर भारत करना अंबेडकर के संविधान का अपमानः संजय राउत



**मुंबई, 06 सितम्बर [एजेंसी]।**

केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की आलोचना करते हुए, शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने बुधवार को कहा कि इंडिया शब्द को बदलकर भारत करना डॉ. बी. आर. अम्बेडकर द्वारा बनाए गए संविधान का अपमान है। उन्होंने कहा कि देश के संविधान में इंडिया और भारत दोनों को शामिल किया गया है और इतने वर्षों तक इंडिया के इस्तेमाल से किसी को कोई परेशानी नहीं हुई, तो अब उन्हें नाम बदलने का अधिकार किसने दिया है। उन्होंने तर्क दिया, समस्याएं कुछ महीने पहले राष्ट्रीय विपक्षी दलों के इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव एलायंस (इंडिया) गठबंधन के तहत एकजुट होने के बाद शुरू हुईं, जिसने भाजपा को अंदर तक हिला दिया है। राउत ने तीखे शब्दों में पूछा भाजपा अब देश के उस नाम से भी डरने लगी है, जिसका इस्तेमाल वह अपनी कई योजनाओं के लिए कर रही है। फिर अचानक ऐसा क्या हुआ कि आपको यह कदम उठाना पड़ा। आप और कितनी चीजें बदलेंगे।

## मल्लिकार्जुन खड़गे कल छत्तीसगढ़ दौरे पर, दीपक बैज ने दी जानकारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश की दोनो बड़ी पार्टियों बीजेपी और कांग्रेस ने युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में 8 सितंबर को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे छत्तीसगढ़ के दौरे पर आने वाले थे। लेकिन अब उनके इस दौरा कार्यक्रम में परिवर्तन हुआ है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने जानकारी देते हुए बताया है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खगड़े अब एक दिन पहले यानी 7 सितंबर को छत्तीसगढ़ पहुंचने वाले है। वे यहां पार्टी के तमाम पदाधिकारियों के साथ मुलाकात कर सकते है। वे 8 तारीख को राजनांदगांव में आयोजित होने वाले भरोसे के सम्मेलन में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ आ रहे है।

### मणिपुर पुलिस की एफआईआर के खिलाफ एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों की याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बुधवार को एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (ईजीआई) के अध्यक्ष और तीन संपादकों द्वारा दायर रिट याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया, जिसमें राज्य में जातीय संघर्ष पर कथित पक्षपातपूर्ण और तथ्यात्मक रूप से गलत रिपोर्ट छापने का आरोप लगाते हुये मणिपुर पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी को चुनौती दी गई है। ईजीआई के अध्यक्ष और तीन संपादकों - सीमा गुहा, भारत भूषण और संजय कपूर - के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इन चारों ने जातीय हिंसा की मीडिया रिपोर्ट और परिस्थितिजन्य पहलुओं का अध्ययन करने के लिए पिछले महीने मणिपुर का दौरा किया था।

## पीएम की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार एसपीजीके निदेशक एके सिन्हा का निधन, 61 की उम्र में ली आखिरी सांस



**नईदिल्ली, 06 सितम्बर ।**

देश के प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) के निदेशक अरुण कुमार सिन्हा का बुधवार सुबह निधन हो गया। बताया गया है कि 61 वर्षीय सिन्हा को खराब तबीयत के चलते गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 1987 बैच के केरल कैडर के आईपीएस अफसर रहे सिन्हा को हाल ही में एसपीजी के निदेशक के तौर पर एक साल का एक्सटेंशन दिया गया था। अरुण कुमार सिन्हा मार्च 2016 से एसपीजी के प्रमुख के रूप में काम कर रहे थे। एसपीजी का जिम्मा प्रधानमंत्री और पूर्व पीएम की सुरक्षा का होता है। अरुण कुमार सिन्हा केरल में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशेष सेवा और यातायात रह चुके हैं। इसके बाद ही उन्हें केंद्र में डेप्युटेशन पर बुलाया गया। वह सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में भी एक साल तक रहे। एके सिन्हा देश भर के पुलिस बलों से चुने गए लगभग 3000 क्रैक कमांडो की टीम का नेतृत्व भी कर चुके हैं।

### भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा पर पथराव, सियासी तकरार

**भोपाल, 06 सितम्बर [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जन आशीर्वाद यात्राएं निकाली जा रही हैं। नीमच जिले में निकल रही इस यात्रा पर कल की रात को अज्ञात लोगों ने पथराव कर दिया। इस पथराव में कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने इस घटना के पीछे कांग्रेस का हाथ होने का आरोप लगाया है, वहीं कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने इसे धरातल की असलियत करार दिया है।

## ब्राजील में चक्रवात से बिगड़े हालात, 24 घंटे में 300 मिमी हुई बारिश, 21 की मौत, बाढ़ का खतरा और बढ़ा



**ब्रासीलिया, 06 सितम्बर [एजेंसी]।**

ब्राजील में चक्रवात की वजह से हुई जबरदस्त बारिश और हवाओं ने कोहराम मचा दिया है। दक्षिणी ब्राजील में इस प्राकृतिक आपदा के चलते अब तक कम से कम 21 लोगों की जान जा चुकी है। साथ ही लगातार हो रही बारिश ने बाढ़ की तीव्रता को और बढ़ा दिया है, जिससे प्रभावित क्षेत्रों में राहत-बचाव कार्य भी काफी मुश्किल हुआ है। ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल के गवर्नर ने इसे अपने राज्य की सबसे खतरनाक मौसमी आपदा करार दिया है। अधिकारियों के मुताबिक, कई इलाकों में हजारों लोगों को अपने घरों को छोड़कर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा है। आलम यह है कि मुकुम नाम के 5000 की आबादी वाले छोटे शहर में अधिकतर लोग अपने घरों की छतों पर ही फंस गए। इनमें से ज्यादातर को हवाई मदद के जरिए निकाला गया है। बताया गया है कि इस शहर का 85 फीसदी इलाका बाढ़ के पानी में डूबा है। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने कहा कि संघीय सरकार राज्य की मदद के लिए तैयार है। रियो ग्रांडे डो सुल के गवर्नर एडुअर्डो लेइटे ने एक न्यूज कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि राज्य में पिछले 24 घंटे के अंदर ही 300 मिमी (11 इंच) बारिश हुई है। इससे कई जगहों पर बाढ़ और भूस्खलन हुए। राहत-बचाव कर्मियों को लोगों को निकालने के लिए हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल करना पड़ रहा है।

### मुआवजे के लिए खुदकुशी कर रहे अन्नदाता किसानों पर शर्मनाक बयान देकर घिरे कर्नाटक के मंत्री

**हावेरी।** देश में किसानों की खुदकुशी एक गंभीर समस्या है। हमारे देश में कई अन्नदाता कर्ज की बोझ से संघर्ष करते-करते अपनी जिंदगी को समाप्त कर लेते हैं। किसानों को उम्मीद होती है कि सरकार उनकी मदद करेगी, लेकिन कभी-कभी नेता कितने असंवेदनशील होते हैं, उसकी एक बानगी



हमारे सामने है। कर्नाटक सरकार में गन्ना विकास मंत्री शिवानंद पाटिल ने एक ऐसा बयान दिया है, जिससे बवाल खड़ा हो गया है।उन्होंने कहा कि जब से कर्नाटक सरकार ने मृतक किसानों के परिवार को मिलने वाला मुआवजा बढ़ा दिया है तब से राज्य में खुदकुशी करने वाले किसानों की संख्या में बढ़ोतरी हो गई है। शिवानंद पाटिल के इस बयान पर किसान संगठन ने आपत्ति जाहिर की है। इसी के साथ किसान संगठन ने मंत्री के इस्तीफे की मांग भी कर डाली है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार के जरिए मृतक किसानों के परिवार को दिए जा रहे पांच लाख रुपये के मुआवजे पैकेज की वजह से राज्य में अधिक संख्या में किसान आत्महत्या कर रहे हैं। हावेरी जिले में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने दावा किया कि किसानों की आत्महत्या की रिपोर्टिंग से लोगों में दहशत पैदा हो रही है।

### 6 लोगों की मौत का लाइव वीडियो, खड़े ट्रक से जा भिड़ा वैन

**चेन्नई 06 सितम्बर।** तमिलनाडु के सलेम जिले में बुधवार तड़के एक सड़क दुर्घटना में एक साल के एक बच्चा समेत छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना तब हुई जब वैन, जिसमें वे यात्रा कर रहे थे, जिले के सांकरी इलाके में एक ट्रक से टकरा गई। मृतकों की पहचान सेल्वराज, अरुमुघम (48), उनकी पत्नी मंजुला (43), पलानीस्वामी (47), उनकी पत्नी पप्पाथी (43) और पोती संजना (1) के रूप में हुई है। सलेम पुलिस ने आईएएनएस को बताया कि पलानीस्वामी और पप्पाथी की बेटी आर. प्रिया (22) की शादी सलेम के राजादुराई से हुई थी। इस जोड़े ने अलग होने का फैसला किया और दोनों परिवार आपसी सहमति से अलग होने पर राजी हो गए। प्रिया के माता-पिता, रिश्तेदार अरुमुघम, उनकी पत्नी मंजुला और परिवार के एक सदस्य सेल्वराज के साथ राजादुराई के स्थान पर पहुंचे और प्रिया और उनकी बेटी संजना को वापस घर ले गए। मिनी वैन को उसका करीबी रिश्तेदार विक्की चला रहा था। जब वैन सांकरी के पास पहुंची, तो एक खड़े ट्रक से टकरा गई, जिसमें सवार छह लोगों की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल प्रिया और विक्की का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

## दुर्ग में बड़ा हादसाः शिवनाथ नदी में गिरी कार दो बच्चे सहित चार लोगों की डूबने से मौत

**दुर्ग, 06 सितम्बर ।**



छत्तीगसढ़ के दुर्ग जिले में बड़ा हादसा हो गया है। अंजोरा से दुर्ग लौट रही बोलेरो पिकअप वाहन शिवनाथ नदी में जा गिरी। पिकअप में चार लोग सवार बताए जा रहे हैं, जिसमें एक पुरुष, एक महिला तथा दो बच्चे शामिल हैं। एसडीआरएफ की टीम ने नदी में डूबी कार को बाहर निकाल लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह परिवार संभवतः बोरसी दुर्ग का रहने वाला है, जो देर रात अंजोरा ढाबे से खाना खाकर लौट रहा था। मृतक का नाम ललित साहू बताया जा रहा है। परिवार के लोग राजनांदगांव से दुर्ग जिले की ओर आ रहे थे। दरअसल, यह मामला पुलगांव थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार मंगलवार बुधवार की दरम्यानी रात शिवनाथ नदी के पुराने पुल से एक कार नदी में गिर गई द्य घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई।

एसडीआरएफ की टीम रात से नदी में डूबी कार की तलाश में जुटी हुई थी। दूसरे दिन बुधवार की सुबह घंटों मशक्कत के बाद एसडीआरएफ ने क्रेन की मदद से कार को नदी से बाहर निकाला। पुलिस का कहना है कि गाड़ी के बाहर निकले के बाद ही पूरी जानकारी मिल पाएगी। एसडीआरएफ की टीम रात से ही मौके पर मौजूद है। एसडीआरएफ टीम के मुताबिक गोताखोरों द्वारा गाड़ी की तलाश कर ली गई है। जल्द ही क्रेन के माध्यम से उसे बाहर निकाला जाएगा। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद है।

## दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध समन जारी, 19 अक्टूबर को सुनवाई

**पटना, 06 सितम्बर [एजेंसी]।**



बिहार में एमपी-एमएलए कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ समन जारी किया है। पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता रवि भूषण कुमार वर्मा ने केजरीवाल द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अनपढ़ कहे जाने को लेकर सिविल कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवाद को लेकर निचली अदालत ने आईपीसी की धारा-332, 500 तथा 505 के तहत संज्ञान लिया तथा सम्मन जारी करने का निर्देश दिया। इस मामले की अगली सुनवाई 19 अक्टूबर को होगी। शिकायतकर्ता और पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता रवि भूषण कुमार का कहना है कि संवैधानिक पद पर आसीन प्रधानमंत्रीको अनपढ़ कहे जाने से उनके करोड़ों प्रशंसक आहत हुए हैं।

यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री की छवि धूमिल करने का प्रयास भी है। 19 मई को अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर मोदी को अनपढ़ कहा था। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल पर भी कोर्ट की गाज गिर गई है। जहां, एक ओर अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बिहार में समन जारी किया गया है। वहीं, दूसरी तरफ दिल्ली की भी एक अदालत ने मुख्यमंत्री की पत्नी के खिलाफ समन जारी कर दिया है।

### फर्नीचर फैक्ट्री में भीषण आग, दमकल की 9 गाड़ियों ने तीन घंटे बाद पाया काबू

**गाजियाबाद 06 सितम्बर।** गाजियाबाद के कविनगर इलाके में एक फर्नीचर फैक्ट्री में बुधवार सुबह भीषण आग लग गई। तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सूचना मिलने के बाद फायर विभाग ने अपनी चार गाड़ियों को तत्काल मौके पर रवाना किया गया। इसके बाद अलग-अलग सब स्टेशनों से और नोएडा से भी दो फायर बिग्रेड की गाड़ियां मंगाई गई। दमकल विभाग की कुल नौ गाड़ियों ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फर्नीचर फैक्ट्री में लगी आग पर पूरी तरह से काबू पाया। फायर विभाग गाजियाबाद से मिली जानकारी के मुताबिक, बुधवार सुबह 6.18 बजे फायर स्टेशन कोतवाली पर सूचना प्राप्त हुई की ई 221 कविनगर इंडस्ट्रियल एरिया भगवान सिंह एंड संस फैक्ट्री में आग लगी है।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## संसद के विशेष सत्र में भाग लेंगे इंडिया गठबंधन के दल एजेंडा के लिए सोनिया गांधी पीएम मोदी को लिखेंगी पत्र



**नईदिल्ली, 06 सितम्बर [एजेंसी]।**

कांग्रेस संसद के विशेष सत्र में भाग लेगी और सोनिया गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर एजेंडा जानने की कोशिश करेंगी, साथ ही कुछ जरूरी मुद्दों पर भी चर्चा करेंगी। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी के संसदीय रणनीति समूह के साथ बैठक की। पार्टी के एक सूत्र ने कहा कि कांग्रेस 18 से 22 सितंबर तक बुलाई गई विशेष सत्र का बहिष्कार नहीं करेगी। सूत्र ने कहा कि संसदीय रणनीति समूह की बैठक के दौरान कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे समेत पार्टी सांसदों ने सकारात्मक एजेंडे के साथ विशेष सत्र में भाग लेने का फैसला किया।

विशेष सत्र के एजेंडे के लिए सोनिया गांधी अगले कुछ दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखेंगी। वह प्रधानमंत्री को कई मुद्दों पर चर्चा की विपक्ष की मांग से अवगत कराएंगी। सूत्र ने कहा कि सोनिया गांधी द्वारा पीएम मोदी को पत्र लिखने की योजना का विपक्षी इंडिया गठबंधन के सभी दलों के नेताओं ने समर्थन किया है, जो पांच दिवसीय विशेष सत्र की रणनीति पर चर्चा करने के लिए खड़गे के आवास पर मिले थे। भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन (इंडिया) की दो बैठकों में निर्णय लिया गया कि समूह कि वह अडाणी समूह और जेपीसी की मांग, मूल्य वृद्धि, बेरोजगारी, मणिपुर की स्थिति, आर्थिक, राजनीतिक और विदेशी मुद्दों को उठायेगा। इस बीच, पार्टी के एक अन्य सूत्र ने कहा कि मंगलवार रात खड़गे के आवास पर रात्रिभोज पर पार्टी नेताओं की बैठक में नेताओं ने मंत्रियों और सरकारी अधिकारियों द्वारा इंडिया की बजाय भारत का उपयोग करने के कुछ प्रयासों पर भी चर्चा की। जी20 के रात्रिभोज के निमंत्रण पर विवाद खड़ा हो गया, जिसमें द्रौपदी मुर्मू को अंग्रेजी में प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया की बजाय प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया था।

### पीएम मोदी 14 सितंबर को आएंगे रायगढ़

*रायपुर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही सभी पार्टियों ने तैयारियां तेज कर दी है। राजनीतिक दल के बड़ें नेताओं का आना जाना भी लगा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी दूसरा छत्तीसगढ़ दौरा होने वाला है। पीएम मोदी 14 सितंबर को रायगढ़ के कोडतराई में आएंगे। रायपुर के बाद रायगढ़ में होने वाली पीएम मोदी की आमसभा से पहले वो secl, रेलवे, ntpc, के प्रोजेक्ट की आधारशिला रखेंगे। अंदाजा लगाया जा रहा है की पीएम मोदी 14 सितंबर को दोपहर लगभग 3.30 बजे आयेंगे और आधारशिला रखने के बाद आम सभा को संबोधित कर शाम 4.45 को रवाना होंगे।*

# जिले में पशु बांझपन निवारण शिविर 9 एवं 10 को

## विशेषज्ञों द्वारा पशुओं का जांच कर पशुपालकों को उचित चिकित्सा, परामर्श एवं दवाओं का किया जाएगा निशुल्क वितरण

**कोरबा।** मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय कृषि भवन नई दिल्ली द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय अंजोरा दुर्ग एवं पशुधन विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में पशुधन जागृति अभियान के अंतर्गत आकांक्षी जिला कोरबा में 02 पशु बांझपन निवारण शिविर सह पशुपालक संगोष्ठी/कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय अंजोरा दुर्ग के निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. संजय शाक्य, निदेशक पशु जैव प्राद्योगिकी व प्राध्यापक पशु प्रसूति विज्ञान डॉ. एम. के. अवस्थी, पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉ. अमित गुप्ता एवं सहायक प्राध्यापक दाउ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय दुर्ग डॉ. एम. एस. परमार उपस्थित होंगे।

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा ने शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 09 व 10 सितंबर को पशु बांझपन निवारण शिविर आयोजित की जा रही है। जिसके अंतर्गत 09 सितंबर को कोरबा के गोकुलनगर गौठान एवं 10 सितंबर को विकासखंड पाली के पशु चिकित्सालय परिसर हरदीबाजार में शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पशु बांझपन निवारण शिविर पूर्णतः निःशुल्क है। शिविर में पशुओं में बांझपन चिकित्सा संबंधी उपचार व समाधान के विषय में संगोष्ठी के साथ पशुओं के उपचार के विषय में विस्तार से परिचर्चा की जाएगी। साथ ही शिविर में उपस्थित पशुओं का उपचार भी किया जाएगा। इस दौरान उपस्थित पशु पालकों को मिनरल मिक्स व अन्य दवाओं का निशुल्क वितरण भी किया जाएगा।

इस शिविर में विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों द्वारा पशुओं की जाँच की जाएगी एवं जाँच के बाद पशुपालकों को उचित चिकित्सा व परामर्श भी दिया जाएगा। इसी प्रकार पशुपालकों को पशुओं के बांझपन के बारे में अवगत भी कराया जाएगा। शिविर में पशुओं के बार-बार ताव में आने के कारणों का पता लगाकर उनका इलाज किया जाएगा। इलाज किए गए पशुओं का समय पर गर्भाधारण करवाने एवं पशुओं के कृत्रिम गर्भाधारण के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही अनुपूरक पोषण, कृमिनाशक, मिनरल मिक्चर (खनिज मिश्रण) एवं दवाईयों का निःशुल्क वितरण भी किया जाएगा।

उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग ने जिले के समस्त पशुपालकों से उक्त शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है।

# सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन का स्मरण शिक्षक दिवस के रूप में



**कोरबा।** देश के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन का स्मरण शिक्षक दिवस के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर द्वारा टी0पी0 नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर डॉ. राधाकृष्णन के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके योगदान को भारत के लिये अविस्मरणीय निरूपित किया गया। शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री शांता मडावे ने कहा कि डॉ राधाकृष्णन ने अकादमिक शिक्षा ग्रहण करने के साथ सामाजिक जीवन के कई वर्ष एक शिक्षक के तौर पर बिताये और असंख्य छात्रों को विद्या दान दिया। उन्होंने इस दौरान आदर्श शिक्षक के रूप में उदाहरण प्रस्तुत किया। इसके अलावा डॉ. राधाकृष्णन ने राष्ट्रपति के पद पर कार्य करते हुए देश को बेहतर नेतृत्व प्रदान किया। कार्यालय महामंत्री सुरेश कुमार ने डॉ. राधाकृष्णन के बहुआयामी व्यक्तित्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सर्वपल्ली जी के योगदान को सरकार ने पूरी गंभीरता से लेते हुए उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाना स्वीकार किया। यह परंपरा अब भी भारतवर्ष में जारी है। विमल यादव ने कहा कि हमारे देश में शिक्षकों का दर्जा सबसे ऊंचा है। गुरु-शिष्य की महान परंपरा का दर्शन कराने का माध्यम शिक्षक दिवस बना हुआ है। शिक्षक पहले भी छात्रों के लिये सम्मानित थे और आज भी उनके प्रति सभी लोगों के मन में यही भावना कायम है। अमृता उरांव ने कहा कि गुरूकुल की परंपरा आज विद्यालयों के तौर पर बनी हुई है। गुरूजनों का महत्व यथावत बने हुए हैं। व्यक्ति की सफलता की पीछे सबसे बड़ी भूमिका गुरूजनों की होती है जो उन्हें विभिन्न तरीकों से मार्गदर्शन प्रदान करते हैं और लक्ष्य तक पहुँचाने में सहायता करते हैं इसलिए गुरू के ऋण से कभी भी मुक्त नहीं हुआ जा सकता। उन्होने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. राधाकृष्णन, गौतम बुद्ध की तरह हृदय में अपार करुणा रखते थे। इस मौके पर रामायण पाल, भूरी यादव, आर्यन कुर्रे, धीरज पाल, यशवंत प्रजापति, राहुल चतुर्वेदी, विनित श्रीवास, भूपेन्द्र यादव, गोविंद सोनी, राजा सिंह, संदीप केसरी, प्रतीक दुबे, राजू पाल, विवेक श्रीवास, नेहा चौहान उपस्थित ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डाला।

# जनहानि तथा पशुधन हानि को रोकने जिला पंचायत सीईओ ने किया जागरूकता रथ को रवाना



**कोरबा ।** जिला पंचायत परिसर में मंगलवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विश्वदीप एवं नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने हरी झण्डी दिखाकर 'स्ट्रे कैटल रिस्पांस फोर्स जागरूकता' रथ को रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए आमजनों को जागरूक करने का कार्य करेगा।

जिले के मुख्य मार्गों एवं सड़कों पर आवारा पशुओं के अनावश्यक रूप से विचरण करने पर दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है जिससे जनहानि तथा पशुधन हानि भी हो जाती है। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आज जागरूकता रथ को रवाना किया गया। इस जागरूकता रथ का उद्देश्य पशुपालकों को अपने पशुओं को घर में बांधकर रखने तथा पशु एवं जन-धन हानि रोकने के लिए आम जनता को जागरूक करना है। जागरूकता रथ के माध्यम से पशुपालकों एवं आमजनता से जनहानि एवं पशुहानि रोकने के लिए अपील की जा रही है।

## जिला कांग्रेस मुख्यालय में भारत जोड़ो यात्रा के पहली वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन

**कोरबा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस मुख्यालय में 07 सितम्बर 2023 दिन गुरूवार को ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा के पहली वर्षगांठ आयोजन किया गया है। इसके लिए जिला स्तर पर दिनांक 07 सितम्बर को जिला कांग्रेस कार्यालय टी.पी. नगर कोरबा में प्रातः 11 बजे आयोजन किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षद्वय श्रीमती सपना चौहान व सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने बताया कि राहुल गांधी ने ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ 07 सितम्बर 2022 को शुभारंभ कियां था जो हमारे देश के किसी भी राजनेता द्वारा की गई अब तक की सबसे लंबी पदयात्रा है।

## जिले में अब तक 751.0 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई दर्ज

**कोरबा ।** जिले में 01 जून से अब तक 751.0 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 04 सितंबर तक औसत वर्षा 955.4 मिमी हुई है। बीते 24 घंटो में 21.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील कोरबा में 751.2 मिमी, भैंसमा में 821.2 मिमी, करतला में 798.0 मिमी, कटघोरा में 844.2 मिमी, दर्री में 845.8 मिमी, पाली में 686.6 मिमी, हरदीबाजार में 604.4 मिमी, पोड़ी-उपरोड़ा में 730.6 मिमी एवं पसान में 677.4 मिमी वर्षा हो चुकी है। अब तक सर्वाधिक वर्षा दर्री तहसील में दर्ज की गई है।

# लंबित प्रकरणों को शीघ्र करें निराकृत- सौरभ कुमार

## कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक



**कोरबा ।** कलेक्टर सौरभ कुमार ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक लेते हुए लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा उनके निश्चित समय पर निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने समीक्षा हेतु निर्धारित एजेण्डाओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ कलेक्टर ने आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु आवश्यक तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन हेतु निर्धारित सामग्री के मूल्य निर्धारण, मतदान केंद्रो की वेब कास्टिंग, नेटवर्क की स्थिति, सेक्टर अधिकारियों के साथ मतदान केंद्रों का निरीक्षण के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजीव आश्रय योजना, एसईसीएल की भूमि एवं वन भूमि के पट्टे के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, डीएफओ कटघोरा श्री कुमार निशांत, अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू, श्री दिनेश पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# एकलव्य आदर्श विद्यालय अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 06 से 09 सितंबर तक काउंसलिंग आयोजित

**कोरबा ।** शैक्षणिक सत्र 2023-24 में जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 06 सितंबर से 09 सितंबर 2023 तक काउंसलिंग का आयोजन विकासखण्ड कटघोरा के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में किया गया है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा ने बताया कि उक्त कक्षा में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा विगत 23 अप्रैल 2023 को आयोजित की गई थी जिसके संशोधित परीक्षा परिणाम व मेरिट सूची विभाग द्वारा जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि मेरिट सूची में चयनित विद्यार्थी अपने समस्त दस्तावेज सहित 06 से 09 सितंबर 2023 तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में उपस्थित होकर काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं। कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं के कुल 60 सीटों में प्रवेश हेतु विभिन्न वर्गवार आरक्षण निर्धारित किया गया है। जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग हेतु कुल आरक्षण 80 प्रतिशत (48 सीट) निर्धारित है। इसी प्रकार विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय हेतु 05 प्रतिशत (03 सीट), डीएनटी/एनटी/एसएनटी समुदाय हेतु 05 प्रतिशत (03 सीट) साथ ही इस वर्ग में अभ्यर्थी नहीं मिलने की स्थिति में विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी एवं विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के विद्यार्थी नहीं मिलने पर अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। शेष 10 प्रतिशत (06 सीट) ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने अपने माता-पिता को वामपंथी-उग्रवाद, विद्रोह या कोविड के दौरान खो दिया हो अथवा विधवाओं के बच्चे, दिव्यांग माता-पिता के बच्चे, भूमिदान, अनाथ वर्ग के बच्चे, वामपंथी-उग्रवाद के शिकार नागरिक और वामपंथी उग्रवाद से लड़ते हुए अपनी जान गंवाने वाले पुलिस, अर्द्धसैनिक, सशस्त्र बल के जवान शामिल हैं एवं दिव्यांग बच्चों के लिए 03 सीट (02 एसटी एवं 01 अन्य) हेतु आरक्षित है। सहायक आयुक्त ने चयन परीक्षा में शामिल हुए विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय सहित अन्य वर्गवार आरक्षित सीट के अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में उपस्थित होकर काउंसलिंग में सम्मिलित होने का आग्रह किया है। काउंसलिंग के संबंध में अधिक जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के सूचना पटल सहित सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जिले के सभी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय से प्राप्त की जा सकती है।



## जनचौपाल में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

**कोरबा।** जिला कार्यालय में आज आयोजित जनचौपाल में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्री सौरभ कुमार से मुलाकात की और अपनी मांगे व समस्याएं रखी। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनचौपाल में 106 लोगों ने अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर आवेदन दिए। उपरोक्त आवेदनों पर कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने निराकरण और आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए।

इसी प्रकार लोगों ने मुआवजा प्रकरण के निराकरण, मजदूरी भुगतान, नामांतरण, सीमांकन, सहायक उपकरण सहित अन्य आवेदन दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू, श्री दिनेश कुमार नाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत एनटीपीसी ने किया श्रवण यंत्र का वितरण

**कोरबा।** कोरबा जिले में स्थापित एनटीपीसी कोरबा और एनएफएनडीआरसी इकाई के सहयोग से 5 सितंबर को नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत मैत्री महिला समिति द्वारा आसपास के परियोजना प्रभावित गांवों के विशेष रूप से सक्षम लोगों को श्रवण यंत्र का वितरण किया गया। 2023 के स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर यह सामाजिक खुशहाली एवं दायित्व्य की शुरुआत की गयी थी। 15 अगस्त को लगभग 50 से ज्यादा श्रवण यंत्र का वितरण किया गया था। 5 सितंबर को पुनः लगभग 10 से ज्यादा विशेष रूप से सक्षम लोगों को श्रवण यंत्र वितरीत किया गया। इस कार्य में महिलाएं, पुरुष तथा बच्चे सबकी सहायता की जा रही है। सीएसआर एनटीपीसी लाखों भारतीयों के जीवन को रोशन करने के व्यवसाय का एक अभिन्न अंग रहा है। इस कार्यक्रम में श्रीमति मधुमति राव, अध्यक्षा मैत्री महिला समिति, अन्य मैत्री महिला समिति के भागीदार, एनटीपीसी कोरबा की सीएसआर टीम, अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं चिकित्सालय के अधिकारी मौजूद थे।

# पुलिस अधीक्षक ने महकमे में किए तबादले

**कोरबा।** कोरबा जिले में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने की दिशा में एक बार फिर महकमें में तबादले किये गए हैं। प्रशासनिक कसावट के मद्देनजर कार्यस्थल बदले जाने की कार्यवाही में एक एएसआई, आरक्षक, प्रधान आरक्षकों सहित कुल 45 पुलिसकर्मी इससे प्रभावित हुए हैं। उन्हें निर्धारित दिशा-निर्देश के तहत पालन सुनिश्चित करते हुए तत्काल नई पदस्थापना की जगह पर ज्वाइनिंग देने के आदेश दिए गए हैं।

कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक यू. उदय किरण ने जिले के विभिन्न थाना-चौकियों में कार्यरत सहायक उपनिरीक्षक, प्रधान आरक्षक, आरक्षक व महिला आरक्षकों सहित कुल 45 पुलिसकर्मियों के कार्यस्थल में फेरबदल किये हैं। इनमें कुछ को रक्षित केंद्र से थाना-चौकियों की जिम्मेदारी दी गई है, तो थाना-चौकियों में पदस्थ कुछ कर्मियों को लाइन भेज दिया गया है। इस तरह बड़ी संख्या में इधर से उधर किए गए पुलिसकर्मियों को नए आदेश का पालन सुनिश्चित करते हुए अविलंब नई जगह पर आमद देने के आदेश दिए गए हैं।

तबादला सूची में शामिल एक मात्र अफसर सहायक उप-निरीक्षक संतोष कुमार तांडी को रक्षित केंद्र कोरबा से पुलिस थाना कटघोरा भेज दिया गया है। प्रधान आरक्षक रमेश कुमार राज दीपका थाना ने बांकीमोंगरा, प्रधान आरक्षक अनुज सिंह को कुसमुंडा से लेमरू, प्रधान आरक्षक रंजन देवांगन को मानिकपुर से कुसमुंडा, राजेंद्र साय को रक्षित केंद्र से मानिकपुर पुलिस चौकी भेजा गया है। इनके अलावा अलग-अलग क्षेत्र के पुलिसकर्मियों को भी नई जगह पर जाकर ज्वाइनिंग देने के आदेश पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी किए गए हैं।

## चौधरी बनें प्रवक्ता

कोरबा। छत्तीसगढ़िया अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति महासंघ कोरबा की बैठक पंचवटी विश्राम गृह में अधिवक्ता भोजराम राजवाड़े की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में सैकड़ों पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति रही। इसमें प्यारे लाल चौधरी को संगठन के प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## ग्राम बेला के सरपंच-सचिव को जनपद सीईओ ने 13.33 लाख जमा कराने जारी किये निर्देश

कोरबा । कोरबा विकासखंड व जनपद कोरबा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेला के पूर्व सरपंच ने अपने कार्यकाल में ग्राम पंचायत क्षेत्रों में विभिन्न निर्माण कार्य कराए। निर्माण कार्य की राशि का आहरण तो कर लिया गया है, मगर अब तक पूर्व सरपंच को राशि प्रदान नहीं की गई है। वर्तमान सरपंच और सचिव पर राशि आहरण कर दबा लेने का आरोप हैं। बताया जा रहा हैं की मामले में शिकायत पूर्व सरपंच श्रीमती अनिता कंवर ने की है।

आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत श्रीमती अनिता कंवर पति पवन सिंह पूर्व सरपंच द्वारा किये जाने के बाद इसकी जांच कराई गई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर जनपद सीईओ ने वर्तमान सरपंच व सचिव को निर्देशित किया है कि सीसी रोड निर्माण खेतार राशि 6 लाख रुपये तथा सीसी रोड तिलाईडाँड़ राशि 733092 रूपए कुल राशि 13 लाख 33 हजार 092 रुपये जो आहरण उपरांत सम्बन्धित को प्रदान नहीं किया गया है। उक्त राशि चेक/डिमांड ड्राफ्ट एवं आरटीजीएस के माध्यम से कार्यालय में जमा कराने निर्देशित किया गया है।

# ट्रेनों की बिगड़ी चाल यात्री हो रहे हलाकान



कोरबा। कोरबा जिले में ट्रेनों की लेट लतीफी की समस्या बनी हुई है। जो यात्री और परिवारजनों के लिए परेशानी का सबब बन गयी है। इससे यात्रियों को राहत नहीं मिल पा रही है। अधिकांश सवारी गाड़ी विलंब से ही चल रही है। देरी से गंतव्य तक पहुंचने के कारण लोगों के जहां काम प्रभावित हो रहे हैं, वहीं वापसी में अपने घर समय पर नहीं पहुंचने से पूरा परिवार परेशान रहता है। इसे सुधारने के लिए रेलवे ने कई प्रयास किए, किन्तु अभी तक कोई सफलता मिलते नहीं दिख रही हैं। यहां से ट्रेनें अपने समय पर नहीं चल रही हैं।

इसी कड़ी में यशवंतपुर से कोरबा आने वाली वैनगंगा सुपरफास्ट एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 5 घंटा 38 मिनट देरी से आई। इस गाड़ी के यहां पहुंचने का निर्धारित समय अलसुबह 4.30 बजे का है, लेकिन वह 10.08 बजे पहुंची। विलंब से आने के कारण यह गाड़ी वापसी भी अपने सही समय पर नहीं जा पायी। सुबह 8.05 बजे यहां से यशवंतपुर को रवाना होना था, लेकिन 10.45 बजे गई। इसी तरह लिंक एक्सप्रेस भी सुबह 11.45 बजे के स्थान पर दोपहर 1.42 बजे पहुंची। हसदेव एक्सप्रेस शनिवार की रात 9.45 के स्थान पर 10.29 बजे आई, तो रायपुर कोरबा मेमू लोकल जिसे यहां सुबह 11.20 बजे आना था वह गाड़ी दोपहर 12.49 बजे पहुंची।

कोरबा-चांपा और बिलासपुर-जयरामनगर के बीच ऑटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम काम करना शुरू कर दिया है। रेलवे के अनुसार इस सिस्टम से गाड़ियों की रफ्तार बढ़ जाएगी। कोरबा आने व यहां से वापस जाने वाली यात्री ट्रेनों के साथ ऐसा कुछ भी परिवर्तन नहीं दिख रहा है, जिससे गाड़ियों की रफ्तार बढ़ी हो। उक्त रूट की गाड़ियां विलंब से ही चल रही हैं।

# इंडस स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

## कुसमुंडा एवं दीपका के सीजीएम उपस्थित रहें अतिथि के रूप में, शिक्षकों का किया सम्मान

**कोरबा ।** दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की छात्राओं के कर्णप्रिय स्वागत गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में संजय कुमार मिश्रा एम कुसमुंडा (एस ए सी एल) एवं विशिष्ट अतिथि अमित सक्सेना (जी एम दीपका)उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम में विभिन्न कक्षा के विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथियों को तिलक लगाकर एवं माँ सरस्वती की वंदना कर किया गया । इंडस पब्लिक स्कूल की छात्र-छात्राओं द्वारा कर्णप्रिय स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई । अतिथियों के स्वागत में विद्यालय के नृत्य प्रशिक्षक श्री हरिशंकर सारथी एवं श्रीमती रूमकी हलदर के दिशा निर्देशन में विद्यार्थियों ने बहुत ही सुंदर क्लासिकल नृत्य की प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम की अगली कड़ी में कक्षा-बारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा एक खेल का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षकों को एक पर्ची का चुनाव कर उसमें लिखे टास्क को पूरा करना होता था इस कार्यक्रम का भी बच्चों ने खूब लुत्फ उठाया । शिक्षक दिवस के इस यादगार कार्यक्रम इंडस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एवं मुख्य अतिथियों के द्वारा शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया । आगंतुक मुख्य अतिथियों के करकमलों से विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित करवाया गया।





मुख्य अतिथि संजय मिश्रा ने कहा कि हम जीवन में क्या बनते हैं या क्या करते हैं ये हमारी शिक्षा व शिक्षक पर निर्भर करता है । परिस्थितियों चाहे जो भी हो नजर हमेशा हमारी मंजिल पर होनी चाहिए। जिम्मेदारी और अनुशासन ही हमारी जिंदगी को नहीं दिशा देते हैं और हमारे जीवन को संवारने में सहयोग देते हैं। विगत कुछ वर्षों में शिक्षा का स्वरूप भले ही बदल गया है लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि गुरु तो गुरु ही होता है।शिक्षक समाज में अच्छे इंसान बनने व अच्छे नागरिक बनने में हमारी मदद करते हैं । क्यांकि अध्यापक जानते हैं कि विद्यार्थी देश का भविष्य है । किसी भी देश के भविष्य का निर्माण शिक्षकों के हाथ में है । हमें जीवन के हर कदम पर शिक्षकों की जरूरत है । शिक्षक न केवल छात्रों के लिए बल्कि समाज के लिए भी महत्वपूर्ण है । विशिष्ट अतिथि अमित सक्सेना ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्या से ही विनय आती है और विनय से पात्रता हमें प्राप्त होती है विद्या हमें विनम्र बनती है।हमे हमेशा शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। शिक्षकों से ही हमें सत्य-असत्य का ज्ञान होता है। हमें अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराने वाले हमारे गुरु ही होते हैं।हमें अपने शिक्षकों का जीवनभर एहसान मानना चाहिए। माता-पिता अपने बच्चों को प्यार करते हैं और देखभाल करते हैं लेकिन शिक्षक हमें सफलता के मार्ग पर भेजने की पुरी कोशिश करते हैं ताकि उनका भविष्य उज्वल हो सके । शिक्षक हमारे जीवन से अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान रूपी प्रकाश की रश्मि फैलाती है

सब्यसाची सरकार (शैक्षणिक प्रभारी) ने कहा कि शिक्षक हमें जीना सिखाती है । हमारे संपूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण शिक्षकों की कृपा से ही होता है । सही मायनों में शिक्षक हमें मानव बनाते हैं । विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने कहा कि गुरु की महिमा युगों-युगों से महत्वपूर्ण रही है। गुरु के महत्व को हम किसी शब्दों में नहीं बांध सकते।हम जिससे भी सीखते हैं वो हमारे गुरु होते हैं।डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन से हमें यही प्रेरणा मिलती है कि जीवन का प्रत्येक पल यदि हम गुरु को समर्पित करें तो वह भी कम होगा। गुरु ही हमें खुद की पहचान कराता है एवं जीवन की कठिनाइयों से अवगत कराकर उनका डटकर सामना करने की प्रेरणा देता है। गुरु का सम्मान सदियों से हुआ है और कई युगों तक होते रहेगा।कार्यक्रम का संचालन प्रियांशी पाठक एवं समृद्धि आर्य ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन हेड गर्ल स्नेहा चौरसिया ने किया एवं कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान कर राष्ट्र को सम्मान दिया गया ।



## शिक्षकों को किया सम्मानित

**बलौदा।** डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस शिक्षक दिवस पर ग्राम पंचायत चारपारा द्वारा पंचायत स्तरीय शिक्षक समान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत स्तर के सेवानिवृत्त, पदोंन्नत, एवम कार्यरत तीस शिक्षकों को सम्मानित करते हुए पेन, डायरी, श्रीफल से सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि गंगोत्री कंवर, अध्यक्षता सरपंच तुलसी बाई, विशिष्ट अतिथि उपसरपंच महेंद्र गोस्वामी,राजेंद्र कंवर, रामसिंह कंवर, दाऊराम पटेल सचिव शंकर सोनी आदि ने सर्व प्रथम डॉ राधाकृष्णन को नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।अतिथियों ने राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान देने की अपील करते हुए, प्रभावी शिक्षण से छात्रों के सर्वांगीण विकास की बात कही।

ग्राम के सेवानिवृत्त शिक्षक खम्हन केंवट, ताराचंद पटेल, लक्ष्मण पटेल, दीनानाथ देवांगन, जवाहर तिवारी, टिटकुराम कंवर, पदोंन्नत होने पर विद्याभूषण देवांगन, जयश्रीकांत राठौर व लक्ष्मी देवांगन, नरेश गुरूद्वान, लखन यादव, फूलचंद नारंग को सम्मानित किया गया, साथ ही चारपारा व रामपुर में पदस्थ पुनिदास महंत, मनोज घृतलहरे, राजेंद्र थवाईत, गणेश कूर्रे, पुरुषोत्तम कश्यप,सुरेश महंत,रविशंकर विश्वकर्मा रेखा खरे, पुष्पा ओग्रे, प्रमिला मिरी, भावना पटेल को सम्मानित किया गया। छात्रों ने स्वागत गीत, कविता, भाषण व छात्राओं ने शिक्षक की वेशभूषा पहनकर मंच पर प्रस्तुति दी। समारोह में गणमान्य नागरिक, एक्टिव मदर कम्यु कम्युनिटि के सक्रिय सदस्य, पंचगण, स्व सहायता समूह के सदस्य, व छात्र - छात्राएं शामिल हुए।

## तहसील कार्यालय निर्माण में तेजी लाएं: कलेक्टर

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जांजगीर के निर्माणाधीन तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली व आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्वाइल टेस्टिंग का कार्य सात दिवस के भीतर पूर्ण करने एवं निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिए। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंदन शर्मा मौजूद थे।

# छोटेरबेली में पत्नी की हत्या करने वाला पति गिरफ्त में

**जांजगीर - चांपा ।** खाना बनाने को लेकर हुए मामुली विवाद में ग्राम छोटे रबेली में सोमवार की रात पति ने सिर और हाथ पैर में लाठी और टंगिया से वार कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । मामला मालखैरादा थाना का है।

जानकारी के अनुसार ग्राम छोटेरबेली निवासी मनबोध चौहान और मंतोषी संवरा के बीच सोमवार की रात खाना बनाने को लेकर विवाद शुरू हो गया। मंतोषी ने खाना बनाने से इंकार कर दिया तो मनबोध ने घर मेंरखे टंगिया से मंतोषी के हाथ पैर और सिर में ताबड़तोड़ वार कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मंगलवार की सुबह घटना की खबर गांव में आग की तरह फैल गई।



गांव के कोटवार ने इसकी सूचना थाना प्रभारी को दी जिस पर थाना प्रभारी राजेश चंद्राकर स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे।

उन्होंने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया और आरोपित की पतासाजी में जुट गए। पुलिस ने आरोपित पति मनबोध चौहान पिता मिश्रीलाल चौहान को हिरासत में लेकर पूछताछ की जिस पर उसने बताया कि मंतोषी संवरा करीब तीन साल से उसके पास रहती थी, वह उसे पत्नी बनाकर रखा था। मनबोध चौहान को पुलिस ने भादवि की धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी राजेश चंद्राकर ने बताया कि आरोपित आदतन शराबी है। सोमवार को भी वह शराब पीकर घर आया था और खाना बनाने को लेकर मंतोषी से विवाद करने लगा जब उसने खाना बनाने से इंकार कर दिया तो उसकी हत्या कर दी। यह उसकी तीसरी पत्नी थी। उसके इसी आदत के कारण ही पूर्व की दो पत्नी उसे छोड़कर चली गई हैं।

## 18 लोगों से अवैध शराब जप्त की जिले की पुलिस ने

**जांजगीर।** जिला पुलिस एवं राजस्व विभाग के द्वारा जिले में अवैध शराब बिक्री के विरूद्ध दिनांक 05.09.2023 को विशेष अभियान चालाया गया। अभियान के तहत आरोपी उमेंद सिंहउम्र 35 साल निवासी बनारी थाना जांजगीर के कब्जे से 09 लीटर कच्ची महुआ शराब, रमेश उर्फ बल दाऊ चौहान उम्र 40 निवासी भिलाई नवापारा थाना बलौदा से 40 पाव देशी प्लेन शराब, राधेश्याम साहू उम्र 42 साल निवासी बोकरा मुड़ा चौकी पंतोरा से 16 लीटर कच्ची महुआ शराब, तुलसी उम्र 38 साल निवासी सबरिया डेरा मुलमुला थाना मुलमुला से 65 लीटर कच्ची महुआ शराब, गोपाल उम्र 29 साल निवासी बनाहिल थाना मुलमुला से 75 लीटर कच्ची महुआ शराब, साधु राम पटेल उम्र 50 निवासी डुडगा थाना पामगढ से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब, रजनी गिरी उम्र 52 साल निवासी बरगांव थाना पामगढ से 03 लीटर कच्ची महुआ शराब, सत्या देवी कश्यप उम्र 35 साल निवासी खैरताल थाना नवागढ से 8.620 एमएल अंग्रेजी शराब, श्रीमती उमा खुंटे उम्र 33 निवासी मिसदा थाना नवागढ से 17 पाव देशी प्लेन शराब, हरि यादव उम्र 40 साल निवासी शिवरीनारायण से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब, सरोज बाई वरेठ उम्र 42 साल निवासी सारथी मोहल्ला सिवनी चाम्पा से 50 पाव देशी प्लेन शराब, बलराम बरेठ उम्र 55 साल निवासी दारंग थाना चाम्पा से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब, वीरू देवांगन उम्र 39 साल निवासी दारंग थाना चाम्पा से 25 लीटर कच्ची महुआ शराब, भागीरती जाटवर उम्र 65 साल निवासी चरण नगर चाम्पा से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब, रामायण धनुहार उम्र 35 साल निवासी सोठी थाना बम्हनीडीह से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब, दिलहरण धनुहार उम्र 33 साल निवासी सोंठी थाना बम्हनीडीह से 35 लीटर कच्ची महुआ शराब, घनश्याम प्रसाद उम्र 42 साल ग्राम झर्रा थाना सारागांव से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब, अशोक महिलांगे उम्र 37 साल निवासी तालदेवरी थाना बिर्रा से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया है, तथा आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया जाकर आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया है।



## क्लेम देने में आनाकानी, बीमा कंपनी को 6.88 लाख देने का आदेश

**जांजगीर ।** बीमा कराने के बाद एक व्यक्ति को गंभीर बीमारी हो गई, जिससे उसकी मौत हो गई। व्यक्ति की मौत के बाद उनकी पत्नी ने अपने पति के बीमा की राशि के लिए क्लेम किया तो बीमा कंपनी रिलायंस निप्पन लाइफ इंश्योरेंस ने यह कहकर क्लेम देने से इनकार किया था कि बीमा के समय संबंधित व्यक्ति ने अपनी बीमारी को छुपाया गया था। उनकी पत्नी ने जिला उपभोक्ता आयोग में मामला दायर किया। सुनवाई के बाद जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा बीमा की राशि 6 लाख 84 हजार 184 रुपए, मानसिक प्रताड़ना के लिए 15 हजार और वाद व्यय 2 हजार रुपए देने का आदेश पारित किया है। जिला उपभोक्ता आयोग से मिली जानकारी के अनुसार शकुंतला सोनी ने शिकायत की थी कि उनके पति राजेंद्र सोनी ने रिलायंस निप्पन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से मनी बैक पॉलिसी ली थी। पॉलिसी के चालू रहने के दौरान ही उसके पति की मौत हो गई। तब बीमा कंपनी ने डेथ क्लेम देने से इसलिए इनकार कर दिया था कि उसके पति ने बीमारी को छुपा कर बीमा कराया था, जिस समय बीमा कराया उस समय उन्हें कैंसर जैसी गंभीर बीमारी थी। कंपनी द्वारा क्लेम नहीं देने पर जिला उपभोक्ता आयोग में मामला दायर किया गया।

## मेहंदी में मनाया गया शिक्षक दिवस

**राहौद।** पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। मिडिल स्कूल मेंहदी में शिक्षक दिवस मनाया गया। प्रधानपाठक मुखीराम निखाद राज ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रीफल तोड़कर पूजा की।

उसके बाद सभी शिक्षकों का सम्मान पेन व गुलदस्ता भेंट कर किया गया। शिक्षक प्रदोष शर्मा ने देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन के जीवन के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। संचालन घनश्याम देवांगन ने किया। विद्यार्थियों ने गीत, कविता, भाषण आदि पेश किया।

## फरार चल रहे वांछित पकड़ाये

**जांजगीर।** जिला पुलिस द्वारा दिनाक 28.08.2023 से 02.09.2023 तक वारंटो की तामिली हेतु विशेष अभियान चालाया गया था।

न्यायालय में नियत पेशी दिनांक को उपस्थित नहीं होने से न्यायालय द्वारा स्थायी/गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। जिसकी तामिली हेतु थाना चौकी को प्राप्त होने । शत् प्रतिशत वारंटो की तामीली हेतु थाना/चौकी से जिले में 02 टीम गठित किया गया था। गठित टीम द्वारा दिनाक 28.08.2023 से 02.09.2023 तक वारंटो की तामिली हेतु । विशेष अभियान चालाया गया जिसमें कुल 79 वारंटीयों की धरपकड़ में पुलिस टीम को मिली सफलता मिली थी। तथा सभी वारंटीयों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालयों में पेश किये जाने के फलस्वरूप । टीम के उपरोक्त सदस्यों को उत्साहवर्धन हेतु पुलिस अधीक्षक जांजगीर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया गया।

## आरटीई के अंतर्गत सभी संस्थाओं को 25 प्रतिशत प्रवेश देना ही होगा

**जांजगीर।** राज्य सरकार द्वारा शिक्षा का अधिकार के तहत दी जाने वाली राशि नहीं देने के विरोध में छत्तीसगढ़ बोर्ड से मान्यता प्राप्त जिले के प्राइवेट स्कूल संचालकों ने अनोखा विरोध किया। इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि शिक्षक दिवस के दिन अधिकांश स्कूल बंद रहे, वहीं स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाओं ने काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।

शिक्षा का अधिकार के तहत प्राइवेट स्कूलों में प्रत्येक कक्षा में 25 प्रतिशत निशुल्क भर्ती देना अनिवार्य होता है। इस योजना के तहत भर्ती विद्यार्थियों का शुल्क राज्य सरकार प्राइवेट स्कूल संचालकों को देती है। प्राइवेट स्कूल संचालकों के एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि राज्य सरकार साल 2020 से स्कूलों को दी जाने वाली राशि का भुगतान नहीं कर रही है। इसके कारण प्राइवेट स्कूलों की माली हालत खराब है। वे अपने शिक्षकों को समय पर वेतन नहीं दे पा रहे हैं, उनका इंक्रीमेंट नहीं हो पा रहा है। उनका कहना है कि यदि स्कूल के 25 प्रतिशत विद्यार्थियों की फीस ही तीन साल तक न मिले तो संचालक कैसे संभव होगा। इस संबंध में रायपुर की बैठक में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शिक्षक दिवस नहीं मनाने का निर्णय लिया था। इसलिए जिला के छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध स्कूलों में शिक्षक दिवस पर ताले लगे रहे।

विद्या निकेतन और ड्रीम लैंड स्कूल में नहीं मनाया गया शिक्षक दिवस विद्या निकेतन उमा विद्यालय और ड्रीम लैंड पब्लिक स्कूल पामगढ़ में शिक्षक दिवस के दिन अवकाश घोषित कर दिया गया।

स्कूल के संचालक नरेंद्र पांडेय ने बताया कि आरटीई के पैसा नहीं मिलने से परेशानियां हो रही है, इसलिए सभी शिक्षकों ने हाथों में काला रिबन बांध कर विरोध किया। उन्होंने बताया कि शिक्षा सत्र 2020-21 व 2022-23 का पैसा नहीं आया है। कई शिक्षक ऐसे भी है, जिनको पिछले 1 साल से अधिक समय से सैलरी नहीं मिल पा रही हैं, स्कूल चलाना कठिन हो रहा है।

## प्रभु हमेशा करते हैं भक्तों की रक्षा: पं. आशुतोष

**बाराद्वार।** मारवाड़ी धर्मशाला के श्रीराम जानकी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा के तीसरे दिन ब्यासपीठ से कथावाचक पं. आशुतोष शर्मा ने जड़भरत व नरसिंह अवतार की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि कहा कि जड़भरत का प्रकृत नाम भरत है, जो पूर्वजन्म में स्वयंभू वंशी ऋषभदेव के पुत्र थे। मृग के छौने में तन्मय हो जाने से उनका ज्ञान अवरुद्ध हो गया था और वे जड़वत हो गए थे, जिससे ये जड़भरत कहलाए। जड़भरत ने मोह माया में फंसना और सब कुछ त्याग कर वैराग्य के साथ भगवान की प्राप्ति की। भरत राजा सब कुछ त्याग कर वन में भगवान का ध्यान करने के लिए गए, वहां एक मृग के ऊपर दया के कारण उनका ध्यान मृग में ध्यान लग गया और उस मृग का ध्यान करते हुए भरत मृत्यु को प्राप्त हुए और दूसरे जन्म में उन्हें मृग की योनि मिली।





अंत मति सो गति अंत समय में जिसकी जो मति होती है वैसे ही गति उसे प्राप्त होती है। इसलिए अपने बुद्धि को सदा भगवान के चरणों में ही लगाना चाहिए। उन्होंने कहा भक्त प्रहलाद ने अनेको संकट को झेला, परन्तु भगवान नाम का आश्रय नहीं छोड़ा। श्रीमद्भागवत में अपने पिता हिरण्यकश्यप को नवधा भक्ति का उपदेश देते हुए मोक्ष की प्राप्ति के साधन बताए, जिसे सुनकर उनके पिता ने प्रहलाद को मारना चाहा। जब प्रहलाद ने कहा कि भगवान हर जगह व्याप्त है, तब श्री नरसिंह भगवान खम्बा फाड़कर प्रगट हुए और भक्त प्रहलाद की रक्षा की।

उन्होंने कहा जो भगवान के शरणागत होता है, प्रभु उसकी हमेशा रक्षा करते हैं। कथा के दौरान सभी पात्रों के चरित्र चित्रण को दर्शाने के लिए स्थानीय लोगों को आकर्षक वेषभूषा में सजाया गया था। कथा सुनने के लिए महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## राजेश सहीष ने शराब के लिए रूपये नहीं मिलने पर अभद्रता की, अपराध दर्ज

**जांजगीर।** 4 सिंतबर को प्रार्थी अजीत कुमार तिवारी उम्र 46 वर्ष साकिन चापा का थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 03.09.23 को दोपहर अपने घर के सामने अपने भाई सुनील तिवारी के साथ खड़ा था उसी समय मेंहदी पारा निवासी राजेश सहिस द्वारा शराब पीकर पास आकर शराब पीने के लिये पैसे की मांग करने लगा प्रार्थी द्वारा मना करने पर आरोपी द्वारा मां बहन की गंदी गंदी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा कि रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना चाम्पा में अपराध क्रमांक 445 / 2023 धारा 294, 506, 327 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दौरान आरोपी राजेश उम्र 20 साल साकिन मेंहदीपारा चापा थाना चापा को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किये जाने से विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, प्रआर प्रकाश राठौर, आर डिकेश्वर साहू, नितिन दिवेदी गौरी शंकर राय का सराहनीय योगदान रहा।



## कमरछठ पर महिलाओं ने संतान की दीर्घायु के लिए रखा निर्जला उपवास

**देवरी-चांपा।** ग्राम पंचायत देवरी, सोनियापाठ, अमरुवा, बघौदा, कुम्हारीकला, कुम्हारीखुर्द, कड़ारी, लछनपुर, हनुमन्ता सहित नगर पंचायत सारागांव में कमरछठ पर्व पर महिलाओं ने अपनी संतान की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत रखा।

देवरी में महिलाओं ने अपने संतान की लंबी उम्र की कामना के लिए निर्जला व्रत रखा और मुहल्लों में एकत्रित होकर सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की। इसके बाद कथा श्रवण किया गया। इस दिन व्रत के दौरान महिलाएं महुआ की दातुन करती हैं और भोजन में अनाज और सब्जी का उपयोग नहीं करती हैं।

माताएं हलषष्ठी की कथा सुनती है। धार्मिक मान्यता है की ऐसा करने से भगवान हलधर उनके पुत्रो की लंबी आयु प्रदान करते हैं। संतान की दीर्घायु के लिए माताओं ने मंगलवार को अंचल व सारागांव नगर में हलषष्ठी का पर्व बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास पूर्वक से मनाया।

## सामुदायिक भवन के पास बनेगा छतदार चबूतरा

**जांजगीर।** पामगढ़ में श्रीवास समाज के द्वारा छतदार चबूतरा बनाने के लिए 5 सितंबर को विधायक इंदु बंजारे द्वारा भूमिपूजन किया गया। यह चबूतरा विधायक निधि से दी गई राशि 2 लाख की लागत से बनेगा।


न्यायालय अधीक्षक भू-अभिलेख (परिवर्तित भूमि शाखा) कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

क्रमांक/3237/अ.भू.अ.(परि.शा.)/वाचक/ 2023
कोरबा, दिनांक 5.09.2023

रा.प्र.क्र.-911/अ-2/2022-23
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं.-16
तह.-कोरबा, जिला- कोरबा(छ.ग.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 911/ अ-2/ 2022-23 आवेदक लकी कलवानी पिता दिलीप कलवानी, निवासी-ग्राम-कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा के द्वारा ग्राम-कोरबा प.ह.न.16, तहसील व जिला-कोरबा स्थित भूमि ख.नं.3/1/ग/14 शामिल नं. 3/1/घ/9, 149/18 रकबा 0.020 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 20.09.2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील

अधीक्षक भू-अभिलेख परि.भू.शा.
जिला- कोरबा (छ.ग.)


## मवेशियों की सुरक्षा के लिए रेडियम बेल्ट लगाने का अभियान







**जांजगीर चांपा।** जिला प्रशासन की गौवंश की सुरक्षा को लेकर की जा रही पहल का असर गांवों में दिखने लगा है। सड़कों पर विचरण करने वाले आवारा एवं घुमंतू पशुओं को सुरक्षा के इंतजाम करने के लिए उनके गले में रेडियम बेल्ट (पट्टी) पहनाई जा रही है, ताकि रात में वाहन चालकों को यह मवेशी आसानी से नजर आ सकें। इससे पशुओं के साथ वाहन चालकों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हो सकेगा। इसके साथ ही पशुओं को सुराजी गांव योजना के तहत बनाई गई गौठानों में भेजने के इंतजाम किये गये है और अस्थाई पशु आश्रय बनाकर भी सुरक्षित रखा जा रहा है।

जिला कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ ज्योति पटेल के मार्गदर्शन में गांव-गांव में रोका-छेका का अभियान सतत रूप से चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में अकलतरा, बलौदा, नवागढ़, बम्हनीडीह और पामगढ़ जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतों ग्रामीणों, पशुपालकों, किसानों के साथ बैठकें आयोजित की जा रही हैं। पशुओं को दुर्घटना से बचाने के लिए मुख्य मार्गों पर विचरण करने वाले पशुओं को रेडियम बेल्ट लगाये जा रहे है। रेडियम बेल्ट लगाने का काम ग्राम पंचायत स्तरीय अमले के साथ ग्रामीण, किसानों एवं पशुपालकों के सहयोग किया जा रहा है। जिससे तेज गति से कार्य हो रहा है। इसके बाद भी अगर कहीं पर आवारा पशु विचरण करते हुए पाए जा रहे हैं तो जुर्माने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

रोका-छेका अभियान को सार्थक बनाने लिया संकल्प

रोका छेका अभियान को सार्थक बनाने के लिए ग्रामीणों किसानों, पशुपालकों ने बैठक करते हुए मवेशियों से खरीफ फसल को सुरिक्षत बचाने, वाहनों की दुर्घटनाओं से पशुओं एवं नागरिकों को बचाने के साथ ही अपने घरों के पशुओं को गौठान में पहुंचाने, रात में अपने घरों में बांधने एवं आवारा मवेशियों को आश्रय देने का संकल्प लिया। जनपद पंचायत अकलतरा ग्राम पंचायत खिसोरा, रसेड़ा बरपाली, अर्जुनी, पकरिया झूलन, परसाही, अमोरा, सोनादुला, बम्हनीन, किरारी, भैंसतरा, नरियरा, जनपद पंचायत बलौदा ग्राम पंचायत जर्वे च, पहरिया, डोंगरी, करमंदा, औराईखुर्द, जनपद पंचायत पामगढ़, जनपद पंचायत बम्हनीडीह, जनपद पंचायत नवागढ़ की ग्राम पंचायत पेंड्री ज के ग्रामीण अभियान को सफल बनाने में सहभागिता निभा रहे हैं।



## रोहिणी नक्षत्र योग में आज और कल मनाया जाएगा जन्माष्टमी पर्व

**जांजगीर।** इस साल कई त्योहारों में तारीख को लेकर संशय है इसलिए रक्षाबंधन दो दिन मनाया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को कुछ पंचांग में 6 और कुछ अन्य पंचांग में 7 सितंबर को बताई गई है। श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद कृष्ण अष्टमी और रोहिणी नक्षत्र के योग में हुआ था। ये योग 6-7 सितंबर दो दिन रहेगा। पंडितों के मुताबिक श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी और रोहिणी नक्षत्र के योग की रात मथुरा में हुआ था। इस बार श्रीकृष्ण का 5250वां जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

इस साल रोहिणी नक्षत्र 6 सितंबर की दोपहर 2.28 बजे से शुरू होगा और 7 सितंबर की दोपहर 2.55 बजे तक रहेगा। अष्टमी तिथि 6 सितंबर की दोपहर 3.55 बजे से शुरू होगी और 7 सितंबर की दोपहर 4.16 बजे तक रहेगी। जिस दिन सप्तमी और अष्टमी का संयोग होता है, उस दिन श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव नहीं मनाया जाना चाहिए, बल्कि जिस दिन अष्टमी और नवमी तिथि का योग बन रहा है, उस दिन जन्माष्टमी मनानी चाहिए। ये योग 7 सितंबर को बन रहा है।

इन योगों में हुआ था श्रीकृष्ण का अवतार श्रीकृष्ण के अवतार में मध्य काल का खास महत्व है। भादो माह की कृष्ण अष्टमी तिथि इस पक्ष के बीच की तिथि है। भगवान का जन्म मध्य रात्रि में हुआ। भाद्र मास भी 12 महीनों के बीच में ही आता है। श्रीकृष्ण का जन्म बुधवार को हुआ था, ये वार भी सप्ताह के बीच में आता है। भगवान ने रोहिणी नक्षत्र में जन्म लिया था। इस नक्षत्र का स्वामी चंद्र है, इस नक्षत्र में चंद्र उच्च का होता है। श्रीकृष्ण का अवतार चंद्रवंश में ही हुआ था।


CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-10/PUBLICATION/ 3644 Korba West, dtd. 04.09.2023
e-Bidding TENDER NOTICE No. 1245/2023
Online tenders are invited from Experienced & Prospective firms for the following Work/Supply:

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rfx No. 8100033713 | Deployment of 03 Nos. Crane Operator & 01 Nos. helper in general shift/ odd hours at WS&G Division, HTPS, Korba West. | 590/- | 12,430/- | 26.09.2023 |
| 2. | Rfx No. 8100033675 | Hiring of Vehicle SUV/ Jeep for S.E. (CHP: Electrical), HTPS, Korba West. | 590/- | 12,000/- | 26.09.2023 |

NOTE:- 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website www.cspc.co.in - e-Bidding.2. Quantity as per tender schedule
[illegible]
S-38352/3


## शासन द्वारा सभी स्कूलों को बेहतर बनाने की दिशा में किया जा रहा कार्य :मुख्यमंत्री

**जांजगीर-चांपा।** शिक्षक के दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से अब तक पूर्ण हुए कार्यों का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर में आयोजित कार्यक्रम से वर्चुअल लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूल विद्या का मंदिर है। इन्हें जीर्ण-शीर्ण नहीं रखा जा सकता। हमने 2100 करोड़ रुपए की मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के माध्यम से जीर्ण-शीर्ण स्कूलों के जीर्णोद्धार की योजना तैयार की। आज 7 हजार 688 स्कूलों एवं इनमें 464 अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कार्य का लोकार्पण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हम गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का संकल्प लेकर आये थे। किसानों की माली हालत खराब थी। वनोपजों का बेहतर दाम नहीं मिल पा रहा था। इलाज के लिए सुविधा नहीं थी। बस्तर में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में स्कूल भवन ध्वस्त कर दिए थे। आज जो बड़े पैमाने पर स्कूलों का जीर्णोद्धार हुआ है उसके पीछे हमारी शिक्षा की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। पहले अंग्रेजी स्कूल शासन द्वारा संचालित नहीं होता था। अब यह शासन द्वारा संचालित है। यहां पढ़ाई अच्छी है। इसलिए एडमिशन की भी काफी डिमांड है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। 1318 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे गये।स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे ने अपनेउद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत 8000 से भी अधिक स्कूलों में 2100 करोड़ रुपए की लागत से मरम्मत एवं कायाकल्प का कार्य हो रहा है।

## अनमोल वचन

**अगर कुछ गलत हो रहा हैं तो,उससे भागने की बजाए उसे, ठीक करे तभी आगे बढ़ पाएंगे !**

# मायावती के बयान के बाद बसपा में बेचैनी

बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती ने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान करके अपनी पार्टी के नेताओं और खास कर सांसदों के बेचैन कर दिया है। उन्होंने एक महीने के अंदर दो बार यह बात कही। पहले पार्टी नेताओं की बैठक में उन्होंने अकेले लड़ने की बात कही और फिर मुंबई में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक से पहले सोशल मीडिया में लिखा कि बहुजन समाज पार्टी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी और अगले साल के लोकसभा चुनाव में भी अकेले मैदान में उतरेगी। उन्होंने एनडीए और 'इंडिया' दोनों को निशाना बनाते हुए कहा कि उनकी पार्टी किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनेगी। ध्यान रहे 'इंडिया' के नेता उम्मीद कर रहे थे कि वे विपक्षी गठबंधन का हिस्सा बनेंगी।

उनके अकेले लड़ने के ऐलान से सबसे ज्यादा परेशान उनकी पार्टी के सांसद हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में यानी 2019 में वे समाजवादी पार्टी के साथ तालमेल करके लड़ीं थी और उनकी पार्टी 10 सीटों पर जीत गई थी। उससे पहले 2014 में अकेले लड़ कर वे एक भी सीट नहीं जीत पाई थीं। हालांकि दोनों चुनावों में उनको वोट 20 फीसदी के करीब ही मिले। तभी उनकी पार्टी के सांसद चाहते हैं कि पार्टी किसी न किसी गठबंधन में चुनाव लड़े। मायावती भाजपा के साथ नहीं जा सकती हैं क्योंकि तब मुस्लिम वोट पूरी तरह से उनसे अलग हो जाएगा और बाद में दलित वोट भी भाजपा की ओर से तेजी से शिफ्ट करेगा। इसके अलावा भाजपा गठबंधन में उनको ज्यादा सीट भी नहीं मिल सकती है। सो, विपक्षी गठबंधन के साथ जाना उनके लिए बेहतर विकल्प माना जा रहा है। इस बीच खबर है कि मायावती की पार्टी के सांसदों ने अपने लिए सुरक्षित आसरे की खोज तेज कर दी है। कई सांसद भाजपा के संपर्क में बताए जा रहे हैं तो कुछ सांसदों ने समाजवादी पार्टी और विपक्षी गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय लोकदल से संपर्क किया है। यह भी कहा जा रहा है कि उनकी पार्टी के कई नेता कांग्रेस के संपर्क में हैं। हालांकि विपक्षी पार्टियां अभी इस तरह का कोई मैसेज नहीं जाने देना चाहती हैं, जिससे मायावती भड़कें। उनको यह नहीं लगना चाहिए कि विपक्षी गठबंधन उनकी पार्टी तोड़ रहा है। इसका मतलब है कि विपक्ष को अब भी उनके साथ आने की उम्मीद है। पिछले दिनों बहुजन समाज पार्टी के एक सांसद ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की थी। हालांकि उसके बाद सपा ने चुप्पी साधे रखी, जिसकी वजह से उनके सपा के साथ जाने या सपा की टिकट से चुनाव लड़ने की अटकलें थम गईं। यह भी बताया जा रहा है कि सपा के एक मुस्लिम सांसद पुराने समाजवादी संपर्कों जरिए अखिलेश को मैसेज पहुंचा रहे हैं। नीतीश कुमार और उनकी पार्टी के नेताओं के जरिए उन्होंने सपा से संपर्क किया है। मायावती को इसकी अंदाजा है। वे अकेले लड़ने के खतरे जान रही हैं। उनके सिर्फ एक विधायक है और अगर वे लोकसभा में कोई सीट नहीं जीत पाती हैं तो पार्टी खत्म हो सकती है।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएगी लेकिन आप उसे अपनी बुद्धिमत्ता से हल कर लेंगे। समाज में आपके अच्छे काम से आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

**वृष राशिः**आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर्स से बातचीत करेंगे। आपको बिजनेस के सिलसिले से राज्य से बाहर जाना पड़ सकता है। इंजीनियरिंग पूरा कर चुके छात्रों का प्लेसमेंट किसी अच्छी कंपनी में होगा।

**मिथुन राशिः**आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आएंगे,जिन्हें आपको चूकना नहीं है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आपके कठिन परिश्रम का लाभ मिलने से मन में खुशी का भाव बना रहेगा। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के मार्ग खुलेंगे। आप अपने लक्ष्य से भटक भी सकते हैं, किन्तु अपनों का साथ आपको सही दिशा में ले जाएगा।

**कर्क राशिः**आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आपके घर में कोई मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में खुशियां ही खुशियां होगी। समाज के लोग आपके अच्छे व्यवहार से खुश होंगे, आपकी तारीफ भी करेंगे। काम अधिक होने के कारण मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है,आपका पेशेंस आपको सफलता दिलाएगा।

**सिंह राशिः**आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। परिवार में चल रही अनबन आज सुलझ जाएगी। तालमेल अच्छा बना रहेगा। समाज में आपकी पहचान नए लोगों से होगी जो भविष्य में आपके किसी काम आएंगे। ऑफिस में आज किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा, जिससे उत्साह बढ़ेगा।

**कन्या राशिः**आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। छात्रों का मन पढ़ाई में लगा रहेगा। आप जिस काम में काफी दिनों से व्यस्त थे वो काम आज पूरा हो जाएगा, आप काम करने के नए टारगेट बनाएंगे। ऑफिस में आपका काम देखकर जूनियर आपसे बहुत कुछ सीखेंगे। आपको इसका सकारात्मक परिणाम भी हासिल होगा। प

**तुला राशिः**आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। किसी काम के लिए आपकी कोशिश सफल होंगी। संतान पक्ष से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। छात्रों को पढ़ाई या करियर से जुड़ी समस्याओं का समाधान मिलेगा, अपनी मेहनत जारी रखें, आपकी सफलता के अच्छे योग हैं।

**वृश्चिक राशिः**आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। काम को लेकर किसी तरह का डर मन में न रखें। ऑफिस में किसी से बेवजह उलझने से बचें। कोई आपकी बैक बाईटिंग कर सकता है। आपको थोड़ी थकावट महसूस हो सकती है, लेकिन जल्द ही रिलेक्स भी हो जाएंगे।

**धनु राशिः**आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। इस राशि के लोग आज किसी बड़ी योजना को शुरू कर सकते हैं, जिसका फायदा उन्हें आगे चलकर जरूर मिलेगा। किसी करीबी रिश्तेदार से अचानक मुलाकात हो सकती है।

**मकर राशिः**आज का दिन आपके लिए बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आप जो भी चाहेंगे वो सारे काम आपके मन-मुताबिक पूरे होंगे। नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। कोई भी बड़ा कार्य करने से पहले अपने बड़ों की राय लेना न भूलें, इससे आपको आगे बढ़ने में आसानी होगी। आपका कोई रुका काम पूरा हो जाएगा। छात्रों का कॉन्फिडेंस बढ़ा रहेगा, किसी नए टॉपिक की शुरुआत होगी।

**कुंभ राशिः**आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। राजनीति के क्षेत्र में आपकी छवि मजबूत बनेगी,ज्यादा लोगों से आप जुड़ेंगे। सहयोगियों से हर संभव मदद मिलती रहेगी। लवमेट्स के दिन खास रहेगा, आज मनपसंद उपहार मिलेगा। डायबिटीज की समस्या से आज कुछ हद तक आराम मिलेगा।

**मीन राशिः**आज का दिन आपके लिए खुशियां भरा रहने वाला है। ट्रांसपोर्ट के व्यापारी आज किसी बुकिंग से अच्छा लाभ कमाएंगे। आपके आसपास कोई धार्मिक कार्यक्रम होगा, जिसमें आपका परिवार शामिल होगा। परिवारजन आपसी सामजस्य द्वारा घर की किसी समस्या का समाधान निकालने में सफल होंगे।

# एक साथ चुनाव की मुश्किलें

//अजीत द्विवेदी//

**देश के सारे चुनाव एक साथ कराने का विचार अच्छा है और बहुत पुराना भी है। लेकिन सिर्फ विचार अच्छा होने से जरूरी नहीं है कि वह व्यावहारिक भी हो। अगर भारत के संदर्भ में एक देश, एक चुनाव के विचार को बारीकी से देखें तो यह एक काल्पनिक विचार दिखता है। यह सही है कि आजादी के बाद चार चुनाव एक साथ हुए लेकिन तब लोकतंत्र नया था, जड़ें गहरी नहीं हुई थीं, ज्यादा राजनीतिक पार्टियां नहीं थीं, गठबंधन की राजनीति का विचार नहीं आया था और एक पार्टी थी, जो आजादी की लड़ाई की विरासत लिए हुए थी और देश के लोग उसे राज करने का स्वाभाविक हकदार मानते थे। आज वह स्थिति नहीं है, जो 1967 में थी। आज के समय में भारत जैसे संघीय व्यवस्था और बहुदलीय लोकतांत्रिक प्रणाली वाले देश में इस विचार पर अमल पहले से ज्यादा मुश्किल हो गया है। हो सकता है कि बहुत कोशिश करके एक बार या दो बार ऐसा कर दिया जाए लेकिन लोकतंत्र, संघीय व्यवस्था और चुनाव की बहुदलीय प्रणाली को बनाए रखते हुए हर बार ऐसा करना संभव नहीं होगा।**

कोई दस साल तक लगातार इस बारे में बात करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने इसकी एक पहल की है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई है, जो इस संभावना पर विचार करेगी कि लोकसभा के साथ सारी विधानसभाओं के चुनाव कराए जा सकते हैं या नहीं और अगर कराए जा सकते हैं तो कैसे। इसके लिए कमेटी देश भर का दौरा करेगी, राज्यों की चुनी हुई सरकारों और विपक्षी पार्टियों के नेताओं से बात करेगी, चुनाव आयोग से राय लेगी और आम लोगों के विचार जानने के बाद अपनी रिपोर्ट देगी, जिसे संसद में बिल के तौर पर रखा जाएगा। संसद में इसे पास कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी और साथ ही देश के आधे राज्यों की विधानसभाओं से भी इसकी मंजूरी करानी होगी। सरकार अगर चाहेगी तो संवैधानिक प्रक्रिया उसके लिए बाधा नहीं बनेगी। पर मुश्किल लोकतंत्र, संघीय ढांचा और बहुदलीय व्यवस्था बचाने की है।

सबसे पहला सवाल यह है कि पूरे देश में एक साथ चुनाव के लिए संविधान में संशोधन का जो बिल तैयार होगा उसमें कटऑफ डेट क्या होगी? सभी चुनाव कराने के लिए कौन सा वर्ष तय होगा। क्या अगले साल अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव के साथ सभी राज्यों के चुनाव कराए जाएंगे? अगर ऐसा सोचा जाता है तो फिर जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव नवंबर में होने वाले हैं वहां की चुनी हुई सरकार की जगह राष्ट्रपति शासन लगाना होगा तो क्या यह उन राज्यों में सत्तारूढ़ दलों के साथ अन्याय नहीं होगा। जिन पांच राज्यों में चुनाव होने वाले हैं उनमें से चार राज्यों में गैर भाजपा दलों की सरकारें हैं और उन्होंने चुनाव की तैयारियों के लिहाज से लोक कल्याण की अपनी योजनाओं को लागू किया है। अगर उनको हटा कर राष्ट्रपति शासन लागू किया जाता है तो उनको अपनी योजनाओं और यहां तक कि पांच साल के कामकाज का कोई लाभ नहीं मिलेगा। राज्य का नियंत्रण केंद्र के हाथ में चला जाएगा और चुनाव में लेवल प्लेइंग फील्ड नहीं रह जाएगा।

इसी तरह जिन राज्यों में इस साल या पिछले साल चुनाव हुए हैं उन राज्यों की सरकारों का क्या होगा। क्या जनता की चुनी हुई सरकार को हटा कर और निर्धारित समय से तीन या चार साल पहले विधानसभा भंग करके चुनाव कराना सही विचार होगा। कर्नाटक में इस साल मई में चुनाव हुए हैं और त्रिपुरा, मेघालय, नगालैंड में साल के शुरू में चुनाव हुए तो क्या चार साल का कार्यकाल रहते इन सरकारों को भंग कर दिया जाएगा। अगर अगले साल अप्रैल-मई की कटऑफ डेट तय होती है तो उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर, और गोवा की विधानसभा का कार्यकाल तीन साल बचा रहेगा। हिमाचल प्रदेश और गुजरात की विधानसभा का कार्यकाल साढ़े तीन साल से ज्यादा बचा रहेगा और तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, असम का दो साल से ज्यादा का कार्यकाल बचा रहेगा। विपक्षी पार्टियों की सहमति के बगैर क्या भाजपा संसद में अपने प्रचंड बहुमत के दम पर इन राज्यों में सरकार व विधानसभा भंग करके चुनाव कराने का फैसला कर सकती है? इससे संघीय व्यवस्था पर गहरी चोट होगी और स्थानीय स्तर पर नागरिकों में नाराजगी बढ़ सकती है।

वर्तमान की चिंताओं के बाद सवाल है कि भविष्य के लिए क्या व्यवस्था होगी? अगर किसी कारण से गठन के दो साल बाद ही लोकसभा भंग करने की स्थिति आ जाती है तो क्या होगा? क्या लोकसभा के साथ ही सभी राज्यों की विधानसभाएं भंग हो जाएंगी और फिर पूरे देश में एक साथ चुनाव होगा? या लोकसभा भंग रहेगी, केंद्र में राष्ट्रपति शासन या कार्यवाहक सरकार रहेगी और सभी राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल पूरा होने का इंतजार किया जाएगा ताकि एक साथ चुनाव हो सकें? अगर किसी राज्य की विधानसभा भंग करने की स्थिति आती है तो क्या होगा? क्या वहां चुनाव कराने के लिए सभी राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल पूरा होने का इंतजार किया जाएगा या क्या बचे हुए कार्यकाल के लिए चुनाव होगा? ध्यान रहे ये सारे सवाल और सारी आशंकाएं जायज हैं क्योंकि भारत में बहुदलीय लोकतंत्र है और अनेक राज्यों में किसी एक पार्टी को बहुमत नहीं आता है। गठबंधन की सरकारें बनती हैं, जो गिरती रहती हैं। जब से भाजपा ने ऑपरेशन लोटस का आविष्कार किया है तब से पूर्ण बहुमत की सरकारें भी गिरने लगी हैं।

बहरहाल, इस स्थिति से बचने के लिए कहा जा रहा है कि किसी भी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के साथ ही विश्वास प्रस्ताव भी लाना होगा ताकि एक सरकार गिरे तो दूसरी लोकप्रिय सरकार बन जाए। ऐसा होने पर विधानसभा भंग नहीं करनी होगी। अगर संविधान में संशोधन के जरिए यह प्रावधान किया जाता है तो लोकतंत्र का गला घोंटने वाला और खरीद-फरोख्त की प्रक्रिया को स्थायी संवैधानिक रूप देने वाला होगा। अगर लोकसभा या किसी राज्य की विधानसभा त्रिशंकु बनती है और यह संविधान से तय होता कि पांच साल तक वहीं त्रिशंकु लोकसभा या विधानसभा चलती रहेगी तो फिर पार्टियों में खरीद-फरोख्त की होड़ रहेगी और सासंद, विधायक भी अपना फायदा देख कर इधर से उधर पाला बदलते रहेंगे। फिर जनादेश का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। सोचें, दलबदल करने वाले विधायकों पर लगाम लगाने के लिए यह प्रावधान करने की चर्चा हो रही है कि अगर कोई नेता चुनाव जीतने के बाद दलबदल करता है तो उससे इस्तीफा लिया जाए और एक निश्चित अवधि तक चुनाव लड़ने से रोका जाए और यहां पूरी लोकसभा व विधानसभा को मंडी बना देने की बात हो रही है! अगर किसी को लगता है कि लोकसभा और विधानसभाएं त्रिशंकु नहीं बनेंगी और हर बार किसी न किसी पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलेगा तो इससे बड़ी गलतफहमी और कुछ नहीं हो सकती है।

अगर अगले साल अप्रैल-मई की कटऑफ डेट तय होती है तो उसमें संवैधानिक व लोकतांत्रिक समस्याओं के अलावा व्यावहारिक समस्याएं बहुत सी हैं। राज्यों की चुनी हुई सरकारों और विपक्षी पार्टियों को समय से पहले चुनाव के लिए तैयार करने के अलावा चुनाव आयोग को बड़ी संख्या में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट मशीन खरीदनी होगी। एक साथ चुनाव कराने के लिए उसे बहुत बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों की जरूरत होगी और पूरे देश के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों का बंदोबस्त करना होगा। उसे पूरे देश के लिए एक मतदाता सूची तैयार करनी होगी। यह बहुत लंबा और श्रमसाध्य काम है। सो, एक साथ पूरे देश में चुनाव की बजाय राज्यों की विधानसभाओं को दो समूहों में क्लब करके दो बार में चुनाव कराने की व्यवस्था की जा सकती है। इसके लिए ज्यादा उलटफेर करने की जरूरत नहीं होगी। लोकसभा और विधानसभाओं का फिक्स्ड कार्यकाल रखने की मजबूरी नहीं होगी। यह ज्यादा व्यावहारिक होगा और लोकतंत्र व संघीय व्यवस्था के अनुकूल भी इसे बनाया जा सकता है। एक साथ चुनाव इस कारण भी संघीय व्यवस्था और भारत जैसे विविधता वाले देश के लिए अनुकूल नहीं है क्योंकि ऐसे में पलड़ा हमेशा केंद्र में सत्तारूढ़ दल की ओर झुकता है, जबकि भारत में अलग अलग राज्यों में अलग विचारधारा और जातीय-सामाजिक निष्ठा वाली पार्टियां हैं। एक साथ चुनाव कराने के लिए एक तर्क खर्च का दिया जाता है। लेकिन वह भी कोई मजबूत तर्क नहीं है। एक रिपोर्ट के मुताबिक मौजूदा सिस्टम में चुनाव आयोग पांच साल में आठ हजार करोड़ रुपए के करीब खर्च करता है। इस तरह प्रति वोटर 27 रुपए का खर्च आता है, जो भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र के लिहाज से बहुत मामूली रकम है। इसके अलावा अलग अलग समय पर चुनाव होने से सत्तारूढ़ दलों के ऊपर मतदाताओं का दबाव रहता है। पार्टियां चुनावों की वजह से जवाबदेही महसूस करती हैं।

# मोदी अभिनंदन सत्र

//हरिशंकर व्यास//

दुनिया को 9-10 सितंबर 2023 के 48 घंटों में 'विश्वपिता' मिलने वाले है! हां, इन दो दिनों में राष्ट्रपति जो बाइडन, राष्ट्रपति मैक्रोन, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक याकि पृथ्वी के महाशक्ति देशों, अमीरों, ज्ञान-विज्ञान और बुद्धीमना लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वह ज्ञान, वे गुरूमंत्र, वह दिशा मिलने वाली है जैसे भारत को आजादी से पहले मोहनदास करमचंद गांधी से रामराज्य की दिशा मिली थी और वे हमारे राष्ट्रपिता हुए। वैसे ही जी-20 देशों के समूह के बतौर अध्यक्ष नरेद्र दामोदरदास मोदी से विश्व को गुरूमंत्र मिलेंगे तो स्वभाविक जो वे विश्व के पिता कहलाएं। विश्वपिता नरेंद्र मोदी। आखिर हम फील कर रहे है कि नरेंद्र मोदी से भारत में अमृतकाल है।

मोदीजी ने रामराज्य से भी ऊंचा भारत का अमृतकाल बना दिया है। अमृतकाल से भारत का चंद्रयान चंद्रमा पर दौड रहा है। मोदीजी ऐसा अमृत चखा जा रहे है कि पच्चीस साल बाद 160 करोड लोगों का भारत जहां विकसित होगा वही फिर हजार साल भव्य भारत की किस्मत रचियता भी नरेंद्र मोदी। जब इतने कीर्तिमान तो विश्वपिता नरेंद्र मोदी के अभिनंदन में संसद का विशेष सत्र क्यों नहीं? हो सकता है मैं गलत होऊ, लेकिन मैं यही उद्देश्य 18 से 22 सितंबर के विशेष सत्र का मान रहा हूं। नरेंद्र मोदी का कमाल है जो दुनिया को टोपी पहना रहे है, भारत को टोपी पहना रहे है तो वे भला क्यों न

विश्वनेता, विश्वनियंता, विश्वपिता की टोपी पहने। पंडित नेहरू ने दुनिया के गरीब-कंगले निर्गुट देशों की नेतागिरी की थी लेकिन नरेंद्र मोदी तो अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, रूस (भले इनके नेता वर्चुअल जुड़े) जैसे अमीरों-महाशक्तियों को गुरू मंत्र दे रहे है। उनके आगे ट्रंप और बाईडन राजभोग लगाते है। शी जिन पिंग के साथ वे झूले झुलते है। पुतिन उनके लिए दौड़े चले आते है? याद करे ऐसा महत्व महात्मा गांधी को कभी दिया? तो गांधी को भले हम राष्ट्रपिता कहें, नरेंद्र मोदी को तो विश्व पिता का मान देना होगा। तभी

भारत की संसद अपने विशेष सत्र में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित करें कि मोदीजी आप हमारे कल्कि भगवान अवतार और पृथ्वी के विश्वपिता। सोचे, जब भारत की धरती पर 9-10 सितंबर को विश्वनेता मोदीजी के दिए अमृत को चखेंगे तो विश्व का क्या अमृतकाल शुरू नहीं होगा? अमृत भारत, विकसित भारत, भव्य भारत बना देने, 140 करोड लोगों के अच्छे-सुनहरे दिन लिवा लाने के बाद पृथ्वी भी यदि अमृतकाल फील करें तो नरेंद्र मोदी का अभिनंदन जायज होगा या नहीं। तब भला मोदीजी को भारतरत्न से नवाजने या संसद भवन की नई संसद इमारत के ठिक सामने महात्मा गांधी से बड़ी उनकी मूर्ति स्थापना का कर्तव्य होगा या नहीं?संभव है पाठको को यह सब व्यंग लग रहा हो! मगर जरा भक्तों का दिल-दिमाग टटोले, गुलामी और गंवारपने में पकी खोपड़ियों का अंर्तमन बूझे तो क्षणभर में समझ आएगा कि जगतपिता, विश्वपिता नरेंद्र मोदी का तो रामजी से बड़ा मंदिर बनना चाहिए। सोचे, यदि मोदीजी हम हिंदुओं के कृपानिधान नहीं बनते तो क्या रामजी को उनका मंदिर मिलता? जिनके हाथों रामजी का उद्धार हुआ वे तो अपने आप पृथ्वीपालक विश्वपिता। बेचारे महात्मा गांधी, सरदार पटेल, पंडित नेहरू या सावरकर, गुरू गोलवलकर, अटलबिहारी वाजपेयी आदि कहा मोदीजी के आगे टिकेगें। जब महाशक्तियों के फर्जी विश्व नेता दिल्ली आ कर मोदीजी से विश्वदर्शन प्राप्त कर रहे है तो हमारे स्पीकर ओम बिडलाजी, जगदीप धनकडजी, केबिनेट के मंत्रीगण, सांसदगण भला क्यों प्रधानमंत्रीजी की आरती के लिए विशेष सत्र भी न बुलाए। सो सस्पेंस में रहने की जरूरत नहीं है। हम सब नरेंद्र मोदी की गुजरात के वक्त से भूख देखते हुए है। भाग्य के धनी नरेंद्र मोदी गुजरात में रहते हुए भी प्रसिद्धी के भूखे थे। वे तब भी उतने ही इवेंट क्रिएट करते थे जितनी प्रधानमंत्री बनने के बाद किए है। और यदि 2024 में वे वापिस प्रधानमंत्री बने तो तय माने कि वे विश्वपिता के बाद ब्रहाण्डपिता बनने का अमृतकाल बनाएंगे। विश्व का अमृतकाल तो होगा ही बल्कि चंद्रयान, सुर्ययान, शनियान, शुक्रयान, मंगलयान लांच कर-करके उन तमाम ज्योतिषियों को फेल कर देंगे जो लिखते है कि मोदीजी की शनि या शुक्र दशा है तथा इनके चलते उनके साथ फंला-फंला होगा। देखा नहीं चंद्रयान के बाद चारण मीडिया सूर्य को भी देख लेने के कैसे-कैसे फट्टे मार रहा है। ऐसे-ऐसे एक ग्रह को मोदीजी देख लेंगे तथा सभी ग्रहों के वे नियंत्रक देवता होंगे। हां, मोदी है तो सब मुमकिन है। व्यंग आ गया है। मगर भक्त से पूछिए, वह विस्तार से समझा देगा कि नौ ग्रह से बडा ग्रह है नरेंद्र मोदी। राहु-केतु, शनि-शुक्र तो मोदीजी के आगे पानी भरते हुए है। देख नहीं रहे है भारत के 140 करोड़ लोगों के कैसे अकेले ही राहु-केतु, शनि सब है। बहरहाल, वक्त आ गया है जो हम भारतीयों को मोदीजी के लिए 'विश्वपिता नरेंद्र मोदी' का जुमला जुबान पर चढ़ा लेना चाहिए।

## नीति-कार्यक्रम के बिना!

सहज ही यह सवाल उठा कि क्या इंडिया गठबंधन की प्राथमिकता में नीति और कार्यक्रम महत्त्वहीन या सबसे नीचे है? इंडिया नेताओं का दावा है कि वे सत्ता पाने के लिए इकट्ठा नहीं हुए हैं। लेकिन आखिर लोग उनके इस दावे पर कैसे यकीन करें? इंडिया गठबंधन के नेताओं ने मुंबई में हुई अपनी बैठक में अगले आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को हरा देने का इरादा एक स्वर से जताया। बल्कि उन्होंने कथानक तो यह पेश किया कि इंडिया नाम के बैनर तले 28 दलों के इकट्ठा हो जाने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घबरा गए हैं। मोदी ने जिस तरह इस गठबंधन के नाम को निशाना बनाया है, या अचानक पांच दिन का विशेष सत्र बुलाने और वन नेशन-वन इलेक्शन के लिए कमेटी बनाने का फैसला किया है, इंडिया नेताओं ने उसे उनकी घबराहट का संकेत बताया। इसके अलावा गठबंधन ने चार कमेटियों का एलान किया। ये कमेटियां इन दलों में समन्वय, सीटों के तालमेल का फॉर्मूला बनाने, चुनाव अभियान चलाने और मीडिया अभियान को संभालने के लिए हैं।

मगर गठबंधन के नीति और कार्यक्रम अथवा साझा न्यूनतम कार्यक्रम की घोषणा की उम्मीद लगाए लोगों को मायूसी झेलनी पड़ी। राहुल गांधी ने अपने भाषण में यह जरूर कहा कि नीति और कार्यक्रम तय करने के लिए एक समिति बनेगी, लेकिन उसका एलान बैठक के आखिरी दिन नहीं हुआ।तो सहज ही यह सवाल उठा कि क्या इन दलों की प्राथमिकता में नीति और कार्यक्रम महत्त्वहीन या सबसे नीचे है? इंडिया नेताओं का दावा है कि वे सत्ता पाने के लिए इकट्ठा नहीं हुए हैं। बल्कि वे देश, संविधान, लोकतंत्र, संघीय व्यवस्था, सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता को बचाने के लिए अपने मतभेदों को भुला कर एकजुट हुए हैं। उनका आरोप है कि मोदी सरकार देश में महंगाई, बेरोजगारी, देश की सरहद की रक्षा करने आदि जैसे मसलों पर नाकाम हो गई है। वह लोगों की अन्य समस्याओं के लिए जिम्मेदार है।

## तस्वीरों की दुनिया



मंडला जिले में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा के शुभारंभ के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य लोगों के साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा के साथ भोपाल में विकास रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाई।



बीसीसीआई सचिव जय शाह आगामी 2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए अनुभवी अभिनेता अमिताभ बच्चन को गोल्डन टिकट प्रदान करते हुए।



ऑस्ट्रेलियाई अंटार्कटिक डिवीजन द्वारा प्रदान की गई इस अदिनांकित तस्वीर में, आइसब्रेकर आरएसवी नुयिना की तस्वीर हवा से ली गई है।



बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पटना में पटना विश्वविद्यालय के पुनर्निर्मित व्हीलर सीनेट हाउस के उद्घाटन के दौरान।




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जबलपुर आगमन पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनका स्वागत किया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में पूर्व राष्ट्रपति एस. राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# प्रेसिडेंट ऑफ भारत के बाद अब प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत, भाजपा प्रवक्ता के पोस्ट पर सियासी घमासान तय




**नईदिल्ली, 06 सितम्बर [एजेंसी]।**

जी-20 शिखर सम्मेलन के अतिथियों को भेजे गए निमंत्रण पत्र में प्रेसिडेंट आफ भारत लिखने से छिड़ी बहस के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इंडोनेशिया यात्रा के दस्तावेज में प्राइम मिनिस्टर आफ भारत लिखा गया है।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने मंगलवार शाम को इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट शेयर की, हालांकि उनकी पोस्ट की जागरण आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं करता है। सरकार की तमाम वेबसाइट, प्रेस सूचना ब्यूरो पर इस संबंध में कोई खबर नहीं आई है और न ही सरकारी सोशल हैंडल पर ऐसा कोई भी पोस्ट नजर आया। समाचार एजेंसी पीटीआई की खबर के अनुसार भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने मंगलवार शाम को इस संबंध में जानकारी साझा की। प्रधानमंत्री मोदी 20वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए बुधवार रात इंडोनेशिया के लिए रवाना होंगे। उधर, जी-20 सम्मेलन के अतिथियों को राष्ट्रपति की ओर से निमंत्रण में प्रेसिडेंट आफ भारत लिखे जाने पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, इसमें कोई बड़ी बात नहीं है। इससे पहले भी आपने भारत सरकार के नाम से कई आमंत्रण देखे होंगे। समस्या कहां है। मैं भारत सरकार का मंत्री हूं, कई समाचार चैनलों के नाम में भी भारत है। भारत पर किसी को आपत्ति क्यों होनी चाहिए, ये कौन लोग हैं जिन्हें भारत नाम से एलर्जी है। ठाकुर ने कहा, भारत नाम का विरोध कौन कर रहा है। अब क्या आपको भारत का नाम लेते ही दर्द महसूस होने लगा है। ये वही लोग हैं जो पार्टी को देश से पहले रखते हैं और राजनीति के दलदल में फंसे हुए हैं। उन्होंने विदेशी धरती से देश को बदनाम करने की भी कोशिश की है। उन्होंने कहा कि इन दलों ने अपने 10 वर्षों के शासनकाल में भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण अपने गठबंधन को संप्रग कहना बंद कर दिया था। लेकिन वे भूल जाते हैं कि उन्होंने भले ही अपना संप्रग नाम छोड़ दिया हो, लेकिन उनका चेहरा, चरित्र और आचरण वही है। सिर्फ संप्रग नाम बदलने से आपके कर्म नहीं बदल जाते। पूरा देश इस भ्रष्ट घमंडिया गठबंधन को देख रहा है। जो अहंकार से भरा है।

# घोसी उपचुनाव में सपा ने आयोग से की दो दर्जन शिकायतें, पुलिस-प्रशासन के दुरुपयोग का आरोप



**लखनऊ, 06 सितम्बर [एजेंसी]।**

मऊ की घोसी विधानसभा सीट के उपचुनाव में मंगलवार को मतदान के दौरान सपा ने भारत निर्वाचन आयोग में करीब दो दर्जन शिकायतें की। ज्यादातर शिकायतें मतदाताओं के वोट न डाल पाने को लेकर हैं। सपा ने भाजपा सरकार पर पुलिस व प्रशासन के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया। आजमगढ़ व रामपुर लोकसभा सीट के उपचुनाव से सीख लेते हुए सपा ने घोसी उपचुनाव में पूरी तैयारी की थी। मतदान के दौरान यदि कहीं से भी मतदाताओं को वोट डालने में दिक्कत आई तो तत्काल इसकी शिकायत भारत निर्वाचन आयोग से की गई। पूर्व राज्यसभा सदस्य व पूर्व एमएलसी अरविन्द कुमार सिंह पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में मतदान के दौरान डटे रहे। घोसी से आने वाली हर छोटी-बड़ी शिकायत को तत्काल भारत निर्वाचन आयोग को भेजा। मतदान शुरू होने के बाद पहले तीन घंटे में सपा ने एक दर्जन शिकायतें चुनाव आयोग को भेज दी थीं।

सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि उपचुनाव में हार देखकर हताश भाजपा सरकार ने प्रशासन व पुलिस का खूब दुरुपयोग किया। सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अराजकता पर उतर आया था। वे भाजपा के एजेंट के तौर पर काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पहले ही यह आशंका जता चुके थे कि भाजपा सपा के खिलाफ हर हथकंडे अपनाएगी। मतदाताओं को मतदान से रोका गया। मतदाताओं के अधिकारों को छीना गया। सपा ने आरोप लगाया कि अल्पसंख्यक और पिछड़ों का वोट पड़ने से रोकने के लिए भाजपा के पदाधिकारी और पुलिस ने मिलकर काम किया है। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में वोट डालने जा रहे मतदाताओं को पीटकर पुलिस ने भगा दिया। सपा समर्थक नेताओं और कार्यकर्ताओं सहित मतदाताओं को डराने धमकाने के साथ उनके घरों की बिजली काटने का काम भी किया गया।

## होटल हरि विलास में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान, दहशत में लोग घर छोड़कर भागे

**वाराणसी।** होटल हरि विलास में मंगलवार की रात भीषण आग लग गई। उसमें मौजूद पर्यटकों व कर्मचारियों ने बाहर भागकर जान बचाई। आग की ऊंची उठती लपटों से भयभीत अगल-बगल के घरों में रहने वाले भी घर छोड़कर भाग निकले। आग इतनी भीषण थी कि फायर ब्रिगेड की सात गाड़ियों को आग बुझाने में एक घंटे का वक्त लग गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने की वजह शॉर्ट-सर्किट बताई जा रही है।लक्सा थाना क्षेत्र के श्रीनगर कॉलोनी में विजय मोदी का चार मंजिला होटल हरि विलास है। निचले तल पर रसोई, उसके ऊपर रेस्टोरेंट और सबसे ऊपर पार्टी के लिए रूफटॉप बनाया गया है। इसमें यात्रियों को ठहरने के लिए 27 कमरे भी हैं।रात लगभग साढ़े बजे पहली मंजिल के कोने से चिंगारी उठी, जो थोड़ी ही देर में आग में तब्दील हो गई। इसकी जानकारी जब तक होटल में मौजूद लोगों को होती तब तक आग ने बाहरी हिस्से में नीचे से ऊपर तक फाइबर व लकड़ी की सजावट को अपनी चपेट में ले लिया। इससे आग तेजी से फैली और सबसे ऊपरी हिस्से तक पहुंच गई।यहां मौजूद लकड़ी के फर्नीचर व सजावट आदि धू-धूकर जलने लगे। यह देखकर होटल में मौजूद कर्मचारी, रेस्टोरेंट में बैठे लोग जान बचाने के लिए बाहर की ओर भागने लगे। लोगों की चीख-पुकार सुनकर कॉलोनी के लोग जुट गए और कर्मचारियों की मदद से होटल के कमरों में मौजूद लोगों को बाहर निकालने लगे। थोड़ी ही देर में पूरे होटल से सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए।सूचना मिलने के बाद लगभग 20 मिनट बाद भेलूपुर व चेतगंज फायर स्टेशन से सात गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं।

# भारत दौरे से पहले जो बाइडेन की कोविड-19 रिपोर्ट नेगेटिव आई, व्हाइट हाउस ने दी जानकारी

**वाशिंगटन, 06 सितम्बर [एजेंसी]।**

भारत में 9-10 सितंबर को होने जा रहे जी20 शिखर सम्मेलन को लेकर तैयारियां पुरी हो चुकी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन जी20 सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आ रहे हैं। इससे पहले व्हाइट हाउस ने मंगलवार (5 सितंबर) को जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडेन की कोविड-19 जांच रिपोर्ट नेगेटिव आई है और वह जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए गुरुवार को भारत की यात्रा करेंगे। व्हाइट हाउस ने कहा



कि राष्ट्रपति बाइडेन इस दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडेन की कोविड-19 रिपोर्ट सोमवार को पॉजिटिव आई थी। अपनी पत्नी के पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद जो बाइडेन ने भी कोविड टेस्ट करवाया जिसकी रिपोर्ट नेगिटिव आई। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने व्हाइट हाउस में एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए गुरुवार को भारत की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति बाइडेन शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक में भाग लेंगे। सुलिवन ने कहा, बाइडेन शनिवार और रविवार को जी20 शिखर सम्मेलन के आधिकारिक सत्र में भाग लेंगे इससे पहले, व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने कहा था कि राष्ट्रपति बाइडेन का सोमवार की रात को भी कोविड-19 परीक्षण नेगिटिव आया और मंगलवार को फिर से परीक्षण करवाया गया, जो नेगेटिव आया। एनएसए जैक सुलिवन ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन में अमेरिका का ध्यान जलवायु से लेकर प्रौद्योगिकी तक अमेरिकी लोगों के लिए प्रमुख प्राथमिकताओं पर प्रगति करते हुए विकासशील देशों के लिए काम करने पर होगा।

# जी20 शिखर में शी जिनपिंग के नहीं आने पर बिफरा अमेरिका, कहा- बिगाड़ने वाले की भूमिका चाहता है या...



**वाशिंगटन, 06 सितम्बर ।**

व्हाइट हाउस के अधिकारी जेक सुलिवन ने मंगलवार (6 सितंबर) को कहा कि चीन के पास आगामी जी20 शिखर सम्मेलन में आने और बिगाड़ने वाले की भूमिका निभाने का विकल्प है। भारत की राजधानी नई दिल्ली में 9-10 सितंबर को जी20 शिखर सम्मेलन होना है।जी20 शिखर सम्मेलन को प्रभावित करने वाले भारत और चीन के बीच तनाव पर पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए, अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुलिवन ने कहा कि जी20 की अध्यक्षता करने वाला भारत, अमेरिका और अन्य सदस्य देश भी चीन को भू-राजनीतिक सवालों को अलग रखने और रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। सुलिवन ने कहा, जहां तक भारत और चीन के बीच तनाव के शिखर सम्मेलन को प्रभावित करने का सवाल है। वास्तव में, यह चीन पर निर्भर करता है। अगर चीन सम्मेलन में आना चाहता है और बिगाड़ने वाले की भूमिका निभाना चाहता है, तो निश्चित रूप से वह विकल्प उनके लिए उपलब्ध है। अमेरिका जी 20 प्रत्येक अन्य सदस्य देशों को जलवायु, बहुपक्षीय विकास, बैंक सुधार पर रचनात्मक तरीके से आने के लिए प्रोत्साहित करेगा। अमेरिकी एनएसए सुलिवन का यह बयान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग न लेने के निर्णय के एक दिन बाद आया है।

सोमवार को चीन के विदेश मंत्रालय ने घोषणा करते हुए कहा कि ली कियांग 9 और 10 सितंबर को भारत में आयोजित होने वाले 18वें जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग के हवाले से बयान में कहा गया है, भारत की सरकार के निमंत्रण पर स्टेट काउंसिल के प्रमुख ली कियांग 9 और 10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 18वें जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

# माफियाओं के निशाने पर आई अक्षरा, रिलीज हुआ फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर

**नईदिल्ली, 06 सितम्बर [एजेंसी]।**

भोजपुरी सिनेमा की खूबसूरत अभिनेत्री अक्षरा सिंह की मोस्ट अवेटेड फिल्म अक्षरा के ट्रेलर का फैंस को बेसब्री से इंतजार था, जो कि अब खत्म हो चुका है। फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जिसमें अक्षरा सिंह कई शेड्स में नजर आ रही हैं। फिल्म के ट्रेलर में अक्षरा सिंह समाज में शिक्षा की अलग को जगाने की जिद लिए नजर आती हैं, जिन्हें रोकने का प्रयास समाज की कुरीतियों के साथ-साथ शिक्षा माफिया भी करते हैं लेकिन अक्षरा सिंह इन सब बधाओ को पार कर बच्चों को शिक्षित करने में लगी रहती हैं। ट्रेलर में अक्षरा सिंह एक्शन करती भी नजर आ रही है। पूरे ट्रेलर में अक्षरा सिंह एक घरेलू महिला की तरह साड़ी में जरूर नजर आती है लेकिन उनका अपीरियंस एक सशक्त महिला की है जो इस फिल्म के ट्रेलर को और भी खास बनाती फिल्म अक्षरा के



फर्स्ट लुक और सेकंड लुक ने पहले ही दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा कर दी है। उसके बाद जब यह ट्रेलर आया है, तो लोगों का प्यार इस ट्रेलर को खूब मिल रहा है। अक्षरा सिंह की इस फिल्म का ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड भोजपुरी के ऑफिशल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। ट्रेलर की शुरुआत एक सशक्त संदेश के साथ होती है, जिसमें कहा जाता है कि धरती पर विद्या का दान महादान होता है और फिर स्कूल में बच्चों को पढ़ाती अक्षरा सिंह नजर आती हैं। फिर अक्षरा की शादी एक फौजी से हो जाती है और जब वह ससुराल आती है तो उसे कहा जाता है कि वह स्कूल में पढ़ाती है, लेकिन सर से पल्लू नीचे नहीं कर सकती है।अक्षरा ऐसा ही करती हैं और स्कूल में पढ़ाने लगती हैं, लेकिन फिर नजर उन पर एजुकेशन माफिया की पड़ती है और स्कूल में उसके षड्यंत्र से ताला लग जाता है। यह अक्षरा को निराश करता है लेकिन अपने दृढ़ संकल्प से वह स्कूल को फिर से खोलने यत्न करती है और इस क्रम में उन्हें माफियाओं के साथ दो-दो हाथ भी करनी पड़ती है। ट्रेलर के हिसाब से फिल्म एक सामाजिक सरोकारों से जुड़ी मालूम पड़ती है, जिसका संबंध शिक्षा से है। और यह भोजपुरी सिनेमा में अपने आप में अलग तरह की फिल्म होने वाली है, जिसके लिए अक्षरा के फैंस के साथ-साथ भोजपुरी सिने लवर्स भी तैयार हैं।

## कंगना रनोट ने देश का नाम बदलने पर दिया अपना रिएक्शन, लिखा- एक गुलाम नाम से मुक्त हो गए



**नईदिल्ली, 06 सितम्बर [एजेंसी]।**

इस वक्त देश भर में एक की विवाद नजर आ रहा है और वो है देश का नाम इंडिया बदल कर भारत करना। अब इस पर आमजन से लेकर देश की राजनीति पार्टी और फिल्मी सितारे भी अपना रिएक्शन दे रहे हैं।जहां अमिताभ बच्चन ने भारत माता की जय का नारा लगाया है। तो वहीं अब कंगना रनोट ने भी अपना रिएक्शन दिया है। दरअसल, एक्ट्रेस ने अपने बयान का एक पुराना पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने इंडिया नाम को खत्म करने की बात कही थी। मंगलवार को कंगना रनोट ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट को फिर से साझा किया, जिसमें उन्होंने साल 2021 में कहा था कि गुलाम नाम इंडिया को खत्म कर देना चाहिए और इसकी जगह देश को भारत कहा जाना चाहिए। अब इस पोस्ट को शेयर करते हुए कंगना ने लिखा, और कुछ लोग इसे काला जादू कहते हैं...यह बस ग्रे मैटर है प्रिये सभी को बधाई!! एक गुलाम नाम से मुक्त हो गए...जय भारत। कंगना ने अपने अकाउंट आज से दो साल पहले लिखा था, भारत तभी आगे बढ़ सकता है जब इसकी जड़ें प्राचीन आध्यात्मिकता और ज्ञान पर आधारित हों, जो कि हमारी महान सभ्यता की आत्मा है। दुनिया हमारी ओर देखेगी और अगर हम शहरी विकास में आगे बढ़ेंगे तो हम एक विश्व नेता के रूप में उभरेंगे, लेकिन पश्चिमी दुनिया की सस्ती नकल न बनें और वेदों, गीता और योग में गहराई से निहित रहें, क्या हम कृपया इस गुलाम नाम इंडिया को वापस भारत में बदल सकते हैं।अमिताभ बच्चन ने इस मामले में अपनी राय रखते हुए। बिग बी ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर भारत माता की जय नारा लिख कर ट्वीट किया है। इस पोस्ट के बाद कई फैंस ने अमिताभ के इस नारे को देश का नाम बदलने के मामले से जोड़ा और अपने-अपने रिएक्शंस दिए।कंगना रनोट जल्द डायरेक्टर सर्वेश मेवाड़ा की फिल्म तेजस में नजर आएगी। इसके अलावा वह 'मणिकर्णिका रिटर्न्स- द लीजेंड ऑफ डिड्डा' में दिखाई देगी। इसके अलावा वह इमरजेंसी और चंद्रमुखी 2 में नजर आने वाली हैं।

# झामुमो का दावा- डुमरी उपचुनाव से खुलेगा आईएनडीआईए की जीत का खाता, भाजपा बोली- हम ही जीतेंगे

**रांची, 06 सितम्बर [एजेंसी]।**

डुमरी विधानसभा उपचुनाव का मतदान समाप्त होने के बाद दावे का दौर आरंभ हो गया है। सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने दावा किया है कि डुमरी से आइएनडीआइए गठबंधन की जीत का सिलसिला आरंभ होगा। पूरे देश में इसका संदेश जाएगा। मतदाताओं ने दिवंगत जगरनाथ महतो को वोट से श्रद्धाजलि अर्पित कर दी है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि डुमरी में जिस प्रकार से शांतिपूर्ण एवं भारी मतदान हुआ, उसके लिए डुमरी के महान मतदाता बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि डुमरी के मतदाताओं ने अपने पूर्व शिक्षा मंत्री दिवगंत जगरनाथ दा को वोट से अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर दी है।इस बार वोट प्रतिशत देखकर लग रहा है कि जीत के आंकड़े में भारी अंतर रहेगा। गठबंधन की पहली जीत होगी। भाजपा ने दावा किया है कि एनडीए प्रत्याशी की जीत होगी। राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा कि डुमरी मे जनबल के आगे धनबल कमजोर हुआ है। एनडीए उम्मीदवार को भारी जनसमर्थन मिला है। 75 फीसद मतदान संकेत है कि आम लोगों ने हेमंत सरकार के खिलाफ मतदान किया है।उन्होंने कहा कि सरकार की वादाखिलाफी से जनता आंदोलित है। सरकार ने चुनाव प्रचार प्रभावित करने के इरादे से मेरे और सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के कमरे में छापेमारी करवाई, जबकि जेएमएम, कांग्रेस और राजद के नेता कार्यकर्ता खुलेआम पैसे बांटते रहे। उनपर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई।राज्य ब्यूरो, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने दावा किया है कि नए विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए से भाजपा भयभीत हो गई है। महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मोर्चा कार्यालय में प्रेस वार्ता में कहा कि यही वजह है कि राष्ट्रपति के आमंत्रण के लिए आमंत्रण पत्र में प्रेसिडेंट आफ इंडिया की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया है।उन्होंने सवाल उठाया कि केंद्र सरकार आखिर कहां-कहां से इंडिया का नाम हटाएगी। लगता है कि अब सरकार इसके लिए अरबों रुपये खर्च करेगी। डा. भीम राव अंबेदकर के संविधान को बदलने की तैयारी हो चुकी है।भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा अपने मातृ संगठन आरएसएस के कहने पर काम कर रही है। इनलोगों के गठबंधन एनडीए का मतलब नेशनल डिजासर्टर एलायंस है, जो देश के इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र को बर्बाद करने के लिए बनाया गया है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने बाबूलाल मरांडी द्वारा राज्य सरकार पर 10 हजार करोड़ से अधिक घोटाले का आरोप लगाने पर कहा कि बाबूलाल एजी आफिस में नौकरी करने लगे हैं। अब एजी की रिपोर्ट या एटीआर विधानसभा के पटल पर नहीं रखा जाएगा।बाबूलाल मरांडी से ही हर प्रकार के घोटाले का डेटा लिया जा सकता है। झामुमो को नहीं पता था कि बाबूलाल इतने हल्के आदमी हो गए हैं।

## डीएसपी के बंद घर में चोरी का प्रयास टूटी मिली कुंडी, पुलिस ने नहीं लिया संज्ञान

**शेखपुरा।** जब पुलिस अधिकारी का घर चोरों से सुरक्षित नहीं तो आम आदमी का क्या कहें। शेखपुरा के विभिन्न मोहल्ले में लगातार हो रही चोरी के बाद रविवार की रात चोरों ने जिला के दूसरे सबसे बड़े नगर क्षेत्र बरबीघा के फैजाबाद में डीएसपी उमेश्वर चौधरी के घर का ताला और दरवाजे की कुंडी काट दी।हालांकि, सुबह हो जाने की वजह से चोर अपनी मंशा में सफल नहीं हो सके। बरबीघा के फैजाबाद निवासी उमेश्वर चौधरी अभी डीआईजी कार्यालय मुजफ्फरपुर में पदस्थापित हैं।चौधरी ने बताया इस घटना को लेकर मुजफ्फरपुर से बरबीघा के मिशन ओपी प्रभारी को फोन करके मैंने ही सूचना दी, तब भी दोपहर तक उसपर कोई संज्ञान नहीं लिया।शेखपुरा के एसडीपीओ को भी फोन करके घटना की सूचना दी, मगर उसका भी कोई असर नहीं हुआ। चौधरी ने फिंगर प्रिंट से चोरों की पहचान करने की मांग की है और स्थानीय पुलिस के इस रवैये पर चिंता व्यक्त की है।हालांकि, इस मामले में एसडीपीओ शेखपुरा या मिशन ओपी प्रभारी की प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है। बता दें कि मिशन ओपी को लेकर आम लोगों में भी शिकायत है।

## अंधविश्वास में सगी बहनों से दुष्कर्म... बाप-तांत्रिक समेत कई लोग मिटाते रहे हवस, मां और मौसी भी दोषी करार

**बक्सर।** विशेष पॉक्सो कोर्ट में मंगलवार को एक ऐसे मामले की सुनवाई पुरी हुई, जिसमें 14 और 16 साल की दो नाबालिग पुत्रियों ने अपने पिता पर ही दुष्कर्म का आरोप लगाया था। मामले में पीड़िता ने अपनी मां और मौसी समेत कुल पांच लोगों की घटना में संलिप्तता बताई थी। केस की सुनवाई के क्रम में सभी आरोपितों पर दोष सिद्ध पाया गया है। सजा के बिंदु पर 12 सितम्बर को सुनवाई होगी। पूरे मामले की जानकारी देते हुए पॉक्सो कोर्ट के विशेष लोक अभियोजक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि राजपुर थाना के एक गांव की रहने वाली दोनों नाबालिग बच्चियां 2012 से ही अपने पिता की हवस का शिकार बन रही थीं।दरअसल, दंपती को कोई पुत्र नहीं हो रहा था, जिसके लिए वे स्थानीय तांत्रिक अजय कुमार के चक्कर में आ गए और उसी के सुझाव पर दोनों बच्चियों को हवस का शिकार बना डाला।

# सिंतबर में ढा रहा कहर: पाकिस्तान से आ रही गर्म हवा ने बढ़ाई गर्मी, पारा चढ़ने से ओजोन का स्तर भी बढ़ा



**नईदिल्ली, 06 सितम्बर [एजेंसी]।**

इसे शुष्क मौसम का असर कहें या फिर अल नीनो वर्ष का प्रभाव... सोमवार (चार सितंबर) का दिन सितंबर में 123 साल का दूसरा सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। वहीं, गर्मी बढ़ने से ओजोन का स्तर भी बढ़ने लगा है। सितंबर में रिकार्ड गर्मी के कारण ओजोन का स्तर बढ़ने लगा है। सितंबर में ओजोन का बढ़ना सामान्य नहीं है। ऐसे में जी-20 से पहले ओजोन के बढ़ते स्तर को लेकर भी प्रदूषण एजेंसियों की चिंताएं कुछ बढ़ी हैं।सीपीसीबी द्वारा जारी एयर बुलेटिन के अनुसार मंगलवार को राजधानी के प्रदूषण में मुख्य प्रदूषक ओजोन और पीएम-10 रहे। ओजोन रविवार की तुलना में करीब 50 से 70 प्रतिशत तक बढ़ चुका है। मंगलवार को राजधानी का एक्यूआई 121 रहा।

नेहरू नगर में ओजोन का स्तर 211.9 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा। इसका मानक 180 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर है। मंगलवार को भी गर्मी का सितम जारी रहा। दिन भर खिली रही तेज धूप के बीच अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 26.4 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। हवा में नमी का स्तर 76 से 49 प्रतिशत रहा।स्काईमेट के मुताबिक पाकिस्तान की ओर से आ रही गर्म हवाएं सितंबर के महीने में भी यहां की गर्मी बढ़ा रही हैं। अगस्त में वर्षा की कमी और सितंबर में भी अभी तक चल रहा सूखा भी गर्मी कम नहीं होने दे रहा।मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को हल्की बरसात होने की संभावना जताई गई है। इसके चलते तापमान में भी कुछ गिरावट देखने को मिलेगी। बुधवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 37 डिग्री के आसपास रहेगा तो वहीं बुधवार से शुक्रवार के बीच यह 35 डिग्री तक जा सकता है। चार सितंबर को दिन का तापमान 40 डिग्री पार कर गया। तेज धूप के चलते सावन में भी भादो का एहसास हुआ। सोमवार को दिन भर खिली रही धूप के बीच गर्मी ने 85 वर्षों (1938 से 2023) का रिकॉर्ड तोड़ दिया। अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से छह डिग्री ज्यादा है।

मौसम विभाग के अनुसार, सितंबर माह में सर्वाधिक 40.6 डिग्री तापमान 16 सितंबर 1938 को दर्ज किया गया था। सोमवार का तापमान इसके बाद दूसरा सर्वाधिक है। मतलब, 1901 से लेकर 2023 तक 123 साल में 16 सितंबर 1938 ने पहली बार गर्मी का रिकॉर्ड तोड़ा था तो अब चार सितंबर 2023 ने दूसरा बार तोड़ा है।

# गर्दन और कंधे के दर्द होने का रखा है परेशान तो इन एक्सरसाइजेज से मिलेगा आराम



अक्सर गलत पोस्चर में रहने और ज्यादा कामकाज के चलते गर्दन और कंधे में दर्द और अकड़न की समस्या हो जाती है. वैसे भी कोरोना काल के बाद वर्क फ्रॉम होम का कल्चर पनपा है और लंबे समय तक बिस्तर पर बैठकर काम करने लगे हैं. ऐसे में ज्यादा सिटिंग वर्क और गलत मुद्रा के चलते गर्दन और कंधे जकड़ जाते हैं. इससे गर्दन में दर्द बना रहता है और कई बार दर्द के चलते कंधों में सूजन भी आ जाती है. यूं तो दवा से कुछ देर के लिए दर्द और अकड़न से निजात पाई जा सकती है लेकिन अगर आप कुछ खास एक्सरसाइज फॉलो करें तो कंधे और गर्दन के दर्द से लंबे समय तक राहत पा सकते हैं. चलिए जानते हैं कि गर्दन और कंधे के दर्द से राहत पाने में कौन कौन सी आसान एक्सरसाइज आपको फायदा करेंगी.

गर्दन के दर्द से छुटकारा दिलाएंगी ये एक्सरसाइज

नेक स्ट्रेच एक्सरसाइज

इस एक्सरसाइज से आपकी नेक यानी गर्दन को सही स्ट्रेचिंग मिलेगी जिससे गर्दन को दर्द से जल्दी राहत मिलेगी. अपनी गर्दन को क्लॉक और एंटी क्लॉक वाइज घुमाने पर आपको दर्द से राहत मिल सकती है. इससे गर्दन की मसल्स खुलती हैं और दर्द से छुटकारा मिलता है.

शोल्डर रोल

अपने कंधों को कान तक लाकर फिर नीचे लाना और फिर ऊपर नीचे की प्रोसेस को दोहरा कर आप कंधे की मसल्स के दर्द से रिलीफ पा सकते हैं. इससे अकड़ी हुई मसल्स को आराम मिलेगा और आपके कंधे का दर्द धीरे धीरे कम होने लगेगा.

नेक रोटेशन

नेक रोटेशन एक्सरसाइज के जरिए आप अपने सिर को गर्दन के बिलकुल नीचे ले जाकर आस पास घुमाएं. इससे आपको काफी आराम महसूस होगा और गर्दन का दर्द जल्दी खत्म हो जाएगा.

नेक रोटेशन

नेक रोटेशन एक्सरसाइज कंधों और गर्दन के दर्द के लिए काफी लाभकारी एक्सरसाइज है. इससे गर्दन को मूव करना होता है, पहले पहल की गई एक्सरसाइज में आपकी गर्दन की मसल्स खुल जाएंगी और गर्दन का दर्द कम होने लगेगा.



## शिल्पा शेट्टी की सुखी का टीजर जारी 22 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी मौजूदा वक्त में अपनी आने वाली फिल्म सुखी को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। यह फिल्म 22 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। अब निर्माताओं ने सुखी का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें शिल्पा अभिनेत्री कुशा कपिला के साथ नजर आ रही हैं। फिल्म में पवलीन गुजराल, दिलनाज ईरानी, चैतन्य चौधरी और अमित साध जैसे कलाकार भी मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर सुखी का टीजर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, इस सुखी से, हर सुखी के लिए। हर महिला के लिए एक कहानी। सुखी 22 सितंबर को केवल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन सोनल जोशी ने किया है, जबकि इसकी कहानी राधिका आनंद, पॉलोमी दत्ता और रूपिंदर इंद्रजीत ने लिखी है।भूषण कुमार फिल्म के निर्माता हैं।

शिल्पा फिल्म में 38 साल की पंजाबी हाउसवाइफ सुखप्रीत सुखी कालरा के किरदार में हैं, जो अपने दोस्तों के साथ 20 साल बाद स्कूल के रीयूनियन में भाग लेने के लिए दिल्ली जाती है। फिर एक 17 साल की लड़की की तरह दोबारा जिंदगी का लुत्फ उठाती हैं।

साल 1993 में शिल्पा शेट्टी ने शाह रुख खान की हिंदी फिल्म बाजीगर से सिनेमा जगत में कदम रखा था। इसके बाद एक्ट्रेस ने कई शानदार फिल्मों में काम किया है। जिनमें मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी, जानवर, रिश्ते, धड़कन, छोटे सरकार, इंडियन और अपने जैसी कई बड़ी फिल्मों के नाम शामिल हैं। आखिरी बार शिल्पा को फिल्म निकम्मा में बड़े पर्दे पर देखा गया।

# मलेशिया की जानी-मानी मॉडल और अभिनेत्री हैं चांदनी बेन्ज, जिनका ईशान खट्टर से जुड़ रहा नाम?



ईशान खट्टर इन दिनों अपनी पेशेवर जिंदगी से कहीं ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं।बॉलीवुड गलियारों में ऐसी चर्चा है कि ईशान मॉडल चांदनी बेन्ज को डेट कर रहे हैं। दोनों को कई बार साथ में स्पॉट किया जा चुका है।इससे पहले ईशान का नाम अनन्या पांडे के साथ जुड़ा था। भले ही दोनों ने कभी सार्वजनिक रूप से अपने रिश्ते की पुष्टि नहीं की, लेकिन काफी समय से उनके साथ होने की अफवाह थी।

चांदनी मलेशिया की जानी-मानी मॉडल और अभिनेत्री हैं। उन्होंने टीवी शो माई मदर्स के जरिए अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी।मौजूदा वक्त में चांदनी भारत में हैं और एक मॉडल के तौर पर काम कर रही हैं। वह हिंदी फिल्मों में अभिनय करना चाहती हैं। सूत्र ने बताया, ईशान और चांदनी एक-दूसरे को लेकर काफी गंभीर हैं। उन्होंने चांदनी को अपने करीबी दोस्तों से भी मिलवाया है। दोनों ने जून, 2023 में डेटिंग शुरू की थी।

ईशान को पिछली बार कैटरीना कैफ और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ फोन भूत में देखा गया था।आने वाले दिनों में वह वॉर ड्रामा फिल्म पिप्पा में नजर आएंगे। फिल्म में वह एक फौजी के किरदार में दिखने वाले हैं, जो उन्होंने इससे पहले कभी नहीं किया।इसकी कहानी ब्रिगेडियर बलराम की किताब द बर्निंग चाफीज पर आधारित है।फिल्म में ईशान की जोड़ी अभिनेत्री मृणाल ठाकुर के साथ बनी है। इसमें सोनी राजदान और प्रियांशु पेनयुली भी हैं।



## पहले नहीं देखा होगा जाह्नवी कपूर का इतना खूबसूरत सिंपल अंदाज

जाह्नवी कपूर उन स्टारकिड्स में से एक नाम बन चुकी हैं, जिनकी पहचान बताने के लिए उनके माता-पिता का नाम लेने की जरूरत नहीं पड़ती. एक्ट्रेस ने काफी कम वक्त में दर्शकों और पूरी इंडस्ट्री के सामने यह साबित कर दिया है कि वह किसी भी तरह की भूमिका को बखूबी खुद को ढाल सकती हैं. ऐसे में एक्ट्रेस की हर फिल्म के लिए उनके चाहने वाले बेताब रहते हैं. फिल्मों के अलावा जाह्नवी अपने लुक्स की वजह से भी चर्चा में रहती हैं. जाह्नवी अपने दुनियाभर के चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हो गईं. उनके इंस्टाग्राम पेज पर अक्सर उनकी पर्सनल और प्रोफेशन लाइफ की झलक देखने को मिलती रहती है. अब फिर से जाह्नवी ने अपनी नई फोटोज शेयर कर सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. इस बार एक्ट्रेस इतनी सिंपल और खूबसूरत दिख रही हैं कि हर कोई उनकी तारीफों के पुल बांध रहा है. लेटेस्ट फोटोज में जाह्नवी कॉटन की सिंपल सी साड़ी पहने हुए नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस ने इस लुक को सटल ग्लॉसी बेस, शिमर चीक्स, न्यूड लिप्स और न्यूड आई मेकअप से कंप्लीट किया है. इसके साथ जाह्नवी ने अपने बालों मैसी वेवी टच देकर ओपन रखा है और बालों में पिंक फूलों वाला गजरा सजाया है. इस लुक में वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं. फैंस के साथ-साथ मशहूर हस्तियों ने जाह्नवी के इस लुक की खूब तारीफें की हैं. जाह्नवी के वर्क फ्रंट की बात करें इस समय उनके पास कई बड़े प्रोजेक्ट्स पाइपलाइन में है. जल्द ही उन्हें मिस्टर एंड मिसेज माही टाइटल से बन रही फिल्म में देखा जाने वाला है. इसके बाद वह देवरा और उलझ जैसी फिल्मों में भी नजर आने वाली हैं. जाह्नवी के चाहने वाले तो उनकी हर फिल्म के लिए उत्साहित रहते हैं.

## गदर 2 के तूफान के आगे 'ड्रीम गर्ल 2' भी उड़ा रही गर्दा, 100 करोड़ से अब बस इंच भर दूर है फिल्म

आयुष्मान खुराना की ड्रीम गर्ल 2 को 25 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार अभिनेत्री अनन्या पांडे के साथ बनी है।फिल्म रिलीज के पहले दिन से टिकट खिड़की पर शानदार कारोबार कर रही है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से इसकी कमाई में गिरावट आना शुरू हो गई थी।अब रविवार को ड्रीम गर्ल 2 की कमाई में जबरदस्त इजाफा हुआ।

# खोया हुआ चेहरे का नूर लौट आएगा वापस, बस नारियल की मलाई से ऐसे करें फेस मसाज

**नारियल पानी की तरह ही नारियल की मलाई भी फायदेमंद होती है. इससे ओवरऑल हेल्थ ही नहीं बल्कि स्किन से जुड़ी समस्याएं भी दूर होती हैं. टैनिंग, एजिंग और ड्राईनेस जैसी स्किन प्रॉब्लम्स दूर करने में नारियल की मलाई कारगर मानी जाती है.**

**इसमें माइश्चराइजिंग गुण पाए जाते हैं, जिससे चेहरे और बालों दोनों के लिए यह अच्छा माना जाता है. आइए जानते हैं नारियल की मलाई चेहरे पर लगाने से क्या-क्या फायदे होते हैं...**



नेचुरल माइश्चराइजर

स्किन डलनेस दूर करने में नारियल की मलाई बेहद कारगर होती है. एक नेचुरल माइश्चराइजर के तौर पर चेहरे को हाइड्रेट रखने में यह मदद करती है. एक-एक चम्मच नारियल की मलाई और नारियल का पानी मिक्स कर इसमें गुलाब जल की कुछ बूंदें मिला लें. इसके बाद चेहरे पर लगाने से डस्ट दूर हो जाती है और चेहरे की रौनक लौट आती है.

झुर्रियों से छुटकारा

नारियल की मलाई चेहरे से ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को भी कम करने का काम करता है. ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस के चलते फ्री रेडिकल्स की समस्या बढ़ जाती है, जिससे उम्र से पहले ही चेहरे पर एजिंग आ जाते हैं. एजिंग से छुटकारा पाने के लिए एक कटोरी में दो चम्मच मलाई और मुल्तानी मिट्टी को मिलाकर चेहरे पर लगाएं. जब यह सूख जाए तो नारियल पानी से चेहरे पर मसाज करें और फेस क्लीन करें.

मुहांसे होंगे दूर

नारियल की मलाई में एंटी इंफ्लामेंटरी और एंटी माइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं. ये मुहांसों को जड़ से मिटा सकते हैं. नारियल मलाई में कॉफी मिलाकर स्क्रब तैयार करें. इससे चेहरे पर एक से दो मिनट तक मसाज करें और फिर अच्छी तरह साफ कर लें. चेहरा क्लीन हो जाएगा और स्किन पर मौजूद इम्प्यूरिटीज भी दूर हो जाएगी.

सन बर्न और रैशेज की परेशानी होगी गायब

गर्मियों में घर से बाहर निकलने पर रैशेज स्किन सेल्स को डैमेज करने लगते हैं. इससे बचने के लिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल होता है. हालांकि, सनस्क्रीन ज्यादा समय तक चेहरे पर नहीं टिक पाता है और सन बर्न की चपेट में आ जाता है. इसकी वजह से स्किन जलन और सूजन की समस्या महसूस करती है. ऐसे में नारियल पानी से चेहरे को धोकर उस पर नारियल की मलाई, एलोवरा जेल और चुटकीभर हल्दी मिलाकर लगाने से रैशेज की समस्या गायब हो सकती है.

स्किन को बनाए सॉफ्ट

त्वचा को नेचुरल तरीके से एक्सफोलिट करने में नारियल की मलाई का इस्तेमाल कर सकते हैं. ओट्स को लेकर कुछ देर के लिए मलाई में भिगो दें. जब वह सॉफ्ट हो जाए तो चेहरे पर कुछ देर मसाज करें.

## वर्दी, पिस्तौल के साथ एक बार दिखेगा रानी मुखर्जी का जलाव

बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक रानी मुखर्जी ने इंडस्ट्री को कई फिल्में दी हैं. एक्ट्रेस ने खुलासा किया है कि वाईआरएफ वर्तमान में मर्दानी 3 की कहानी पर विचार कर रहा है. रानी एकमात्र ऐसी अभिनेत्री हैं जिनके नाम मर्दानी जैसी ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी है. वह इस फ्रेंचाइजी में एक साहसी और निडर पुलिसकर्मी शिवानी शिवाजी रॉय की भूमिका निभाते दिखती हैं. और वह उन अपराधियों से मुकाबला करती हैं जो महिलाओं को शिकार बनाते हैं.

रानी ने खुलासा किया कि मर्दानी 3 पर विचार किया जा रहा है, एक बार वाईआरएफ के पास एक बेहतरीन और ठोस कहानी का विचार आ जाए, तो मर्दानी 3 स्क्रिप्टिंग में आ जाएगी. रानी ने कहा कि मैं यह देखने के लिए एक्साइटेड हूं कि मर्दानी 3 कैसी बनती है. मैं अपनी उंगलियां क्रॉस कर रही हूं क्योंकि मुझे शिवानी का किरदार निभाना अच्छा लगेगा. वह आगे कहती हैं. जब मैंने मर्दानी 2 की, तो मैं काफी घबरा गई थी क्योंकि मैंने पहले कभी इसका सीक्वल नहीं बनाया था. मैं सोच रही थी कि यह कैसे होगा? क्योंकि जब भी कोई फिल्म खत्म होती है तो मैं अपने किरदारों को पीछे छोड़ देती हूं और मुझे नहीं पता कि मैं उस हिस्से को दोबारा निभा पाऊंगा या नहीं.

रानी ने आगे कहा कि मर्दानी 2 के साथ भूमिका को दोबारा करने में मजा आया, तो अब मेरे मुंह में खून लग चुका है. इसलिए अब मैं इसे 3 में दोबारा दोहराना चाहती हूं. रानी मुखर्जी का कहना है कि मर्दानी 3 कुछ ऐसी होनी चाहिए जिसे लोग आज से जोड़ सकें. मर्दानी 3 की स्क्रिप्ट अगल होनी चाहिए. ऑडियंस को इस फ्रेंचाइजी से बहुत उम्मीदें है, और उन्हें एक बिल्कुल ताज़ा कहानी देखने की ज़रूरत होगी.

एक्ट्रेस ने आगे कहा कि मैं बहुत खुश और उत्साहित होऊंगी अगर मर्दानी 3 की स्क्रिप्ट सच में ऐसी आएगी कि हम फिल्म बनाएंगे. क्योंकि एक अभिनेता के रूप में मेरा हमेशा मानना है कि हम कोई फिल्म इसलिए नहीं करना चाहते क्योंकि वह अच्छी लगती है. हमें तब फिल्म करने की जरूरत होती है जब स्क्रिप्ट अच्छी हो और जब हम ऐसी फिल्म बनाना चाहते हैं जो बदलाव ला रही हो.

वह आगे कहती हैं, मर्दानी 3 के साथ हम फिल्म नहीं बना सकते अगर कहानी में वह दम नहीं है. यह कुछ ऐसा होना चाहिए जिससे आज लोग जुड़ाव महसूस करें, लड़कियां इसे सशक्त मानती हैं. तभी हम मर्दानी 3 कर सकते हैं. हम इसे सिर्फ इसलिए नहीं कर सकते क्योंकि यह रोमांचक लगता है. इसलिए मैं उम्मीद कर रही हूं कि अगर वे वास्तव में एक अच्छी स्क्रिप्ट तैयार कर सकते हैं, तो मैं उस पर काम करना चाहूंगी।




## शब्द सामर्थ्य -177

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 176 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | मी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

# संभाग की 53 स्टाफ नर्स व बलरामपुर के 183 स्वास्थ्य संयोजक निलंबित

**बलरामपुर।** वेतन विसंगति की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे सरगुजा जिले के 152 ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला व पुरुष) को निलंबित करने के बाद सरगुजा संभाग के 53 हड़ताली स्टाफ नर्सों को भी निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डा पीएस सिसोदिया ने की है। इन सभी को काम पर वापस लौटने 48 घण्टे का अल्टीमेटम दिया गया था।




कुछ स्टाफ नर्सो ने नोटिस के बाद कार्यस्थल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कर ली थी। लेकिन 53 स्टाफ नर्स ऐसी थी जिन्होंने काम शुरू नहीं किया था। इन सभी को आखिरकार निलंबित कर दिया गया है। इधर बलरामपुर जिले में 183 ग्रामीण स्वास्थ्य सयोजकों को भी निलंबित कर दिया गया है। मुख्य जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने निलंबन का आदेश जारी किया है। पिछले 25 दिनों से अपने मांगो को लेकर कर्मचारी हड़ताल पर थे। यहां भी कलेक्टर आर एक्का के निर्देश पर 48 घण्टे के भीतर काम पर लौटने नोटिस जारी की गई थी। नोटिस की अवहेलना पर 183 कर्मचारियों को निलंबित किया गया है। मालूम हो कि छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य कर्मचारी फैडरेशन के बैनर तले स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा वेतन विसंगति सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। शासन स्तर पर एस्मा लगाए जाने के बाद भी कर्मचारी काम पर वापस नहीं लौट रहे थे। इस कारण सख्ती बरतनी पड़ी है।कार्रवाई के लिए अलग-अलग स्तर पर अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। स्वास्थ्य कर्मचारियों के निलंबन का अधिकार मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारियों को दिया गया है। स्टाफ नर्स के निलंबन की कार्रवाई संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं स्तर पर की जा रही हैं। हड़ताल कर रहे चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा कर प्रस्ताव संचालक स्वास्थ्य सेवाएं को भेजा गया है।

# सनातन धर्म पर टिप्पणी, उदयनिधि स्टालिन की उन्मादी प्रवृति : राजवाड़े

**कोरिया/बैकुंठपुर।** कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थिति भाजपा कार्यालय से जिला भाजपा के पदाधिकारी,युवा मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता और भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा 5 सितंबर को विरोध प्रदर्शन करते हुए नगर पालिका कांप्लेक्स के सामने तमिलनाडु के मंत्री उदयनीधी स्टालिन का पुतला दहन किया गया साथ छत्तीसगढ़ के भूपेश सरकार पर भी जमकर नारेबाजी की गई।आपको अवगत करा दें की तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के सुपुत्र उदयनिधि स्टालिन जो की तमिलनाडू सरकार में मंत्री भी हैं जिनके द्वारा तमिलनाडु में आयोजित सनातन उन्मूलन कार्यक्रम में सनातन धर्म पर विवादित बयान देते हुए कहा गया था की सनातन धर्म मलेरिया डेंगू कोरोना जैसा है इसे खत्म कर देना चाहिए स्टालिन के द्वारा यह भी कहा गया था की मैं अपने इस बयान पर अडिग हूं और फिर सनातन धर्म को सामाजिक न्याय और समानता का विरोधी कहते हुए जाति धर्म पर बांटने वाला बताया था जिसके बाद स्टालिन के

## भाजपा युवा मोर्चा, महिला मोर्चा द्वारा उदयनिधी स्टालिन का किया गया पुतला दहन



इस टिप्पणी पर पूरे देश में सनातन धर्म पर दिए गए इस बयान का विरोध शुरू हो गया।जिसके मद्देनजर सनातन धर्म की रक्षक और संस्कृति सहित सबका साथ सबका विकास के साथ चलने वाली भारतीय जनता पार्टी ने भी देश प्रदेश में इस बयान पर तमिलनाडु की एम के स्टालिन सरकार और उनके पुत्र मंत्री उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन शुरू किया है।जिस बावत 5 सितंबर को कोरिया संयुक्त भाजपा द्वारा विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन किया गया।कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल और पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े के मार्गदर्शन में और भाजपा युवा मोर्चा,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल,पूर्व मंत्री भईया लाल राजवाड़े,भाजपा कार्यालय प्रभारी भानूपाल,भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह,सह प्रभारी लव कुमार रवि, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह,युवा मोर्चा महामंत्री कुणाल जायसवाल,मंडल महामंत्री हर्षल गुप्ता,अरुण जायसवाल,मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र साहू,महिला मोर्चा से जिला अध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े,नगर पालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे,जिला पंचायत सदस्य वंदना राजवाड़े,मंडल अध्यक्ष ममता कुशवाहा, चरचा मंडल महामंत्री प्रियंका सिंह,मंडल अध्यक्ष रीता यादव,मीडिया प्रभारी कविता यादव व सह मीडिया प्रभारी सरिता सोनी इत्यादि उपस्थित रहे।

# लंबित मामलों को शीघ्रता से निपटाने पर दें ध्यान : डीएम

**कोरिया।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विभागवार जानकारी ली। विभागवार कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों को त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री लंगेह ने बैठक में जन चौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।




कलेक्टर श्री लंगेह ने जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि बंटाकन, नामांतरण जैसे प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। शासकीय जमीनों पर कब्जे की शिकायत पर राजस्व अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। जिन ग्राम पंचायतों व गांवों में बिजली व्यवस्था ठीक नहीं है वहा तत्काल बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिये, साथ ही चरचा कालरी स्थित पानी टंकी को मरम्मत करने को भी कहा।

कलेक्टर श्री लंगेह ने नगरीय निकाय के मुख्य नगरपालिका अधिकारी तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकरियों को रोका-छेका अभियान को कड़ाई से पालन करने तथा सड़कों पर मवेशी न दिखे इसके लिए लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। मवेशी मालिक को समझाइश के बाद भी न मानने पर आवश्यक कार्यवाही को कहा। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन की समीक्षा करने के साथ स्वामी आत्मानंद स्कूल भवनों एवं विभिन्न समाज के भवनों के निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी की जानकारी लेते हुए कलेक्टर श्री लंगेह ने अधिकारियों से कहा कि जिन मतदान केंद्रों में शौचालय, रैम्प निर्माण, पेयजल, बिजली से सम्बंधित सहित सभी कार्य जो अधूरे हैं वह शीघ पूरा करें। समय सीमा की बैठक के उपरांत आयोजित जनदर्शन में 75 लोगों ने विभिन्न विभागों से जुड़े आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किये। कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को ऐसे सभी आवेदनों के जल्द निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में मुख्य रूप से राजस्व मामलों, बिजली सम्बन्धी समस्या, मनरेगा, राशन कार्ड तथा अन्य मामलों से सम्बंधित आवेदन प्राप्त हुए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर श्रीमती नंदिनी साहू, संयुक्त कलेक्टर नीलम टोप्पो, बैकुंठपुर एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम, डिप्टी कलेक्टर व सोनहत एसडीएम राकेश कुमार साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# जर्जर सड़क से हो रही थी परेशानी, पार्षद साधना ने नवीनीकरण कार्य कराया शुरू

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद श्रीमती साधना जायसवाल के द्वारा वार्ड में पुराने जर्जर सड़क जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था को तुड़वाकर नए सीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है वार्ड पार्षद श्रीमती साधना जायसवाल के द्वारा कराए गए। इस कार्य का वार्ड के नागरिकों के द्वारा सराहना की जा रही है निश्चित तौर पर पार्षद का यह कदम सराहनीय है।



इसी प्रकार अगर देखा जाए तो बैकुंठपुर नगरपालिका परिषद में ज्यादातर बनाए गए सड़कों में नाली नहीं होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है तो वही आने जाने वाले नागरिकों को नाली का गंदे पानी से दो चार होना पड़ता है नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नाली निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है जिससे नागरिकों को आने जाने में असुविधा महसूस ना हो कुछ वार्डों के पार्षद तथा नागरिकों ने जानकारी देते हुए बताया कि पुराने बस स्टैंड में नाली का गंदा पानी जमा हो जाता है जिस शहर के आम नागरिकों को गंदे पानी से दो-चार होना पड़ता है इसी प्रकार चेर के मुख्य मार्ग में राम प्रसाद राजवाड़े के घर के समीप पुलिया होने के बावजूद भी शहर का गंदा पानी रोड में बहता है और गंदगी से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है इस दिशा में नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित विभाग के इंजीनियर जो नगर पालिका के मुख्य करता है उन्हें ध्यान देने की जरूरत है जिस प्रकार वार्ड पार्षद श्रीमती साधना जायसवाल ने सराहनीय कार्य कराया जा रहा है इस प्रकार अन्य पार्षदों को भी ध्यान देने की जरूरत है मामला चाहे जो भी हो लेकिन नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित विभाग के तमाम इंजीनियर नगर पालिका के कार्यों में ध्यान नहीं देते हैं जिससे आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# कठिन नहीं गणित, जिलाधीश ने समझाया छात्रों को

## बच्चों ने गुड मॉर्निंग कहकर किया स्वागत

## कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन कर के परखा गुणवत्ता

**कोरिया, बैकुंठपुर।** गुड मॉर्निंग सर...गुड मॉर्निंग बच्चों। आप कैसे हैं सर मैं बहुत अच्छा हूं और आप लोग कैसे हैं हम सब अच्छे हैं सर। यह वाक्या आज कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के चरचा कॉलरी स्थित प्राथमिक शाला के आकास्मिक निरीक्षण के दौरान हुआ।

कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि यह कक्षा पहली है, आप में से कौन बच्चे एक से लेकर 50 तक की गिनती सुनाएगा। सर मेरा नाम गोपाल है मैं गिनती सुनाता हूं सर और इस तरह गोपाल बिना रूके गिनती सुनाया। कलेक्टर ने बच्चो से कहा किसको 2 का पहाड़ा याद है तो कक्षा के लगभग सभी बच्चों ने हाथ उठाकर हामी भरी और रवि नामक छात्र ने खड़ा होकर 2 का पहाड़ा सुनाया बल्कि 3 का पहाड़ा भी सुनाया। इसी तरह छात्रा कुमारी अर्पिता ने ए से लेकर जेड तक अल्फाबेट आंख बंद करके सुनाया। कलेक्टर ने ब्लेक बोर्ड में जोड़ का सवाल लिखा तो कुमारी आरूषि चॉक लेकर सही उत्तर लिख दी। इस पर कलेक्टर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जितना जरूरी भोजन है, उतना ही जरूरी पढ़ाई-लिखाई भी साथ में खेलकूद भी करना चाहिए।



कलेक्टर ने कक्षा पांचवीं के तरफ रूख किया, वहां जाकर पूछा कि आप लोगों को कौन सा विषय अच्छा लगता है तो अधिकांश बच्चों ने गणित और हिन्दी विषय में रूचि बताया। छात्र रवि से अपने माता का नाम अंग्रेजी में लिखकर दिखाने कहा, इस पर रवि ने अपने माताजी का नाम लिखते समय स्पेलिंग गलत किया तब कलेक्टर ने कापी में सही लिखकर बताया। छात्र शुभम को 16 का पहाड़ा सुनाने कहा तो वह बेधड़क पहाड़ा बिना रूके सुनाया और इस तरह कलेक्टर का दिल जीत लिया और ताली बजाने से नहीं रूके। श्री लंगेह ने बच्चों से कहा घर जाने के बाद पुस्तक खोलकर जरूर पढ़ें, कापी में लिखते चले, अंग्रेजी को खूब ध्यान से पढ़ें। स्कूली बच्चों के लिए तैयार किए गए मध्यान्ह भोजन को कलेक्टर ने सेवन किया और गुणवत्ता भी परखे। श्री लंगेह ने कहा कि प्रधानपाठक को निर्देशित किया कि रोजाना आने वाले खाद्य सामग्री का पंजी संधारण हो। पेयजल, शौचालय के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बीईओ को निर्देशित किया कि स्कूल में साफ-सफाई तथा गुणवत्तायुक्त भोजन ही तैयार करें। रसोइयों से कहा कि साफ बर्तन पर खान पकाए व परोसे खुद हाथ साफ रखें व बच्चों को हाथ साफ करके भोजन उपलब्ध कराएं। श्री लंगेह ने उपस्थिति पंजी का अवलोकन करते हुए वहां उपस्थित प्रधानपाठक एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं से कहा कि छात्र-छात्राओं की कक्षा में नियमित रूप उपस्थिति दर्ज हो, इस पर उनके पालक/अभिभावकों से चर्चा कर स्कूल आने के लिए कहें तथा बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित करें।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में चयन सूची जारी

**कोरिया।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा परिणाम जारी हुआ हैं। वर्ष 2023-24 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु मैरिट सूची जारी करते हुए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने जानकारी दी है कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के 48, विशेष पिछड़ी जनजातीय समुदाय के 03 तथा कोविड, दिव्यांग माता पिता, अनाथ व वांमपंथी से प्रभावित अथवा पुलिस या सशस्त्र बल के जवान के मृत्यु होने पर बच्चों का चयन किया जाता है। इसके तहत 06 बच्चों की चयन सूची जारी की गई है। ऐसे सभी चयनित बच्चे जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर में 09 सितम्बर को प्रातः 11 बजे तक सभी दस्तावेज के साथ उपस्थित हो सकते है।

# बिजली तार की चोरी

**सूरजपुर।** ग्राम सुरता निवासी सोनसाय ने थाना रामानुजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने घर से नदी तक बिजली का तार पम्प चालू करने के लिए लगाया था जिसे 26 अगस्त के रात्रि में कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है रिपोर्ट पर धारा 379 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

# कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने आज बैंकुण्ठपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। श्री लंगेह ने मतदान केन्द्र क्रमांक 7 चरचा कॉलरी-1 स्थित, शासकीय प्राथमिक शाला में जाकर बीएलओ द्वारा किए जा रहे नए मतदाताओं की सूची, मृत व स्थानांतरित कर्मियों के नाम विलोपित करने सहित जानकारी ली। श्री लंगेह ने संबंधितो को निर्देश देते हुए कहा कि किसी का नाम विलोपित करने से पहले फार्म 7 अवश्य दर्ज कराएं। श्री लंगेह ने मृत मतदाताओं के नाम विलोपित करते समय फार्म 7 भरने के साथ, मृत्यु प्रमाण-पत्र या पंचनामा पत्र प्राप्त कर ही विलोपित करने के निर्देश दिए। बता दें चरचा कॉलरी स्थित मतदान केन्द्र 17 से लेकर 30 तक में महिला मतदाताओं की संख्या 4 हजार 544, पुरूष मतदाताओं की संख्या 4 हजार 542, दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 55, नव युवा मतदाताओं की संख्या 197, वृद्धजन मतदाताओं की संख्या 24 है। श्री लंगेह ने बूथ लेबल अधिकारियों से कहा कि किसी भी मतदाता का नाम डुप्लीकेट न हो साथ ही मतदाता का नाम, उम्र, लिंग व फोटो स्पष्ट हो तथा किसी भी तरह से त्रुटि न हो इस पर विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। मतदाताओं द्वारा ऑन लाइन फार्म जो भर रहे हैं, उसे प्राथमिकता देते हुए बारीकी से पड़ताल करने के भी निर्देश दिए। श्री लंगेह ने मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।



# अपहृत बालिका को लुधियाना पंजाब से किया दस्तयाब

**सूरजपुर।** रामानुजनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक व्यक्ति ने थाना रामानुजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिक पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 363 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने अपहृत बालिका व आरोपी की पतासाजी कर अपहृत को दस्तयाब कर आरोपी को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना रामानुजनगर पुलिस ने मामले की बारीकी से विवेचना करते हुए मुखबीर की सूचना व नई तकनीक की मदद ली जिसके आधार पर जानकारी मिली कि अपहृता लुधियाना पंजाब में है।

# कबड्डी प्रतियोगिता में ग्राम पचिरा की टीम रही विजेता

**सूरजपुर।** पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के निर्देश पर सजग सूरजपुर अभियान के तहत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन थाना सूरजपुर पुलिस के द्वारा स्थानीय स्टेडियम ग्राउण्ड सूरजपुर में किया गया। नशा मुक्ति, जुआ-सट्टा, गांजा-नशीली दवाएं सहित अन्य अवैध गतिविधियों एवं साइबर अपराध से बचाव हेतु जागरूकता फैलाने के उद्धेश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना सूरजपुर पुलिस के द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता में क्षेत्र के 32 गांव टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें विजेता ग्राम पचिरा की टीम तथा उपविजेता ग्राम बसदेई की टीम रही। प्रतियोगिता में विजेता, उपविजेता व खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका रेफरी सहदेव राम रवि, महेन्द्र ठाकुर व धनश्याम सिंह ने निभाई। इस अवसर पर एएसपी शोभराज अग्रवाल ने कहा कि सजग सूरजपुर अभियान का उद्धेश्य प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षा को लेकर सजग करना और विभिन्न प्रकार की जानकारियों, साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक करना तथा पुलिस और आमजनता के बीच संबंधों को और मजबूत करना है।

# नारी शिक्षित है तो पूरा परिवार शिक्षित

**कोरिया, बैकुंठपुर।** राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिले में 1 से 7 सितंबर तक आंतरराष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला स्तरीय साक्षरता संगोष्ठी का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुण्ठपुर में किया गया। आयोजन में जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज सिंह जगत ने कहा कि शिक्षा के विकास व विस्तार हेतु महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है, साक्षरता के माध्यम से सभी नागरिक अपने अधिकारों को कुशलता से प्राप्त कर सकते है। बैकुण्ठपुर के तहसीलदार श्रीमती अमृता सिंह ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में एक नया मुकाम हासिल कर रही है। अपनी कुशलता व सहभागिता से विकास के नए-नए इतिहास रच रहे हैं। श्रीमती सिंह ने कहा कि यदि किसी परिवार में नारी शिक्षित है तो पूरा परिवार शिक्षित हो सकता है। यहां उपस्थित स्वसहायता समूह कि महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि साक्षरता के माध्यम से ही अज्ञानता को दूर किया जा सकता है और विकास में सहभागिता निभा सकती है। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के परियोजना अधिकारी कृष्ण कुमार गुप्ता साक्षरता कार्यकम के संदर्भ में सारगर्भित व विस्तृत जानकारी देते हुए साक्षरता कार्यकम के प्रमावी कियान्वयन हेतु सुझाव साझा किया। जिला परियोजना अधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य को प्राप्त साक्षरता की उपलब्धियों की भी जानकारी दीं गई। विकासखण्ड समन्वयक महेश कुमार शिवहरे ने आभार व्यक्त। आयोजन बड़ी संख्या में शिक्षक, महिला स्व सहायता समूह के सदस्य, शिक्षार्थी, कर्मचारी आदि उपरिथत थे।



# सजग सूरजपुर अभियान का दिखने लगा असर

**सूरजपुर।** पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के निर्देशन में जिले की पुलिस के द्वारा सजग सूरजपुर अभियान चलाया जा रहा है जिसके माध्यम से नशा मुक्ति, विभिन्न प्रकार के अपराध व साईबर क्राईम से बचाव के प्रति जागरूक करने के साथ ही अवैध कार्यो में लिप्त लोगों की सूचना पुलिस देने के लिए लोगों को सजग किया जा रहा है जिसका सार्थक परिणाम भी अब दिखने लगा है। इसी क्रम में बीते दिन थाना भटगांव पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम बंशीपुर से जरही भटगांव की ओर एक मोटर सायकल में 2 व्यक्ति गांजा लेकर बिक्री करने जा रहे है।

# कुपोषण की काली छाया से मुक्त होगा जिला

**कोरिया, बैकुंठपुर।** आप सभी माताओं-बहनों से आग्रह है कि बच्चों का देखभाल बहुत ही सावधानी से करें। इन मासूमों को भरपेट पौष्टिक भोजन दें साथ ही आप लोग भी पौष्टिक व ताजा भोजन प्राप्त करें ताकि जच्चा-बच्चा स्वस्थ रहें। हमें हर हाल में जिले से कुपोषण को दूर करना है, यह तभी संभव है, जब आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं तथा बच्चों के माता-पिता इसमें बढ़चढ़कर हिस्सा लेंगे। जिले में 1 सितम्बर से शुरू हुए वजन त्यौहार कार्यक्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज आंगनवाड़ी केन्द्र करजी में यह बात कही। वजन त्यौहार का मुख्य उद्देश्य जन-जन में कुपोषण के प्रति जागरूकता लाना, प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों की सही पोषण स्थिति से अवगत कराते हुए प्रत्येक गांव में कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की सही स्थिति का पता लगाना, राज्य में कुपोषित बच्चों की स्थिति का डाटाबेस तैयार करना, कुपोषण विषय पर जन जागरूकता लाना, स्थान विशेष, वर्गों में कुपोषण की पहचान करना जिससे यह भी स्पष्ट हो सके कि किन स्थानों पर और किन कारणों से कुपोषण अधिक है ताकि और उनके लिए विशेष योजना बना सकेंगें। किशोरी बालिकाओं के एनीमिया के स्तर में सुधार लाना है। आंगनवाड़ी केन्द्र में पढ़ रहे बच्चों ने कविता सुनाकर तथा ताली बजाकर कलेक्टर का किया स्वागत, मासूम बच्चों ने कलेक्टर से पूछे आप कैसे हैं सर, कलेक्टर श्री लंगेह ने मुस्कराते हुए कहा मैं बहुत अच्छा हूं बच्चों। जिले के सभी 655 आंगनवाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन किया



गया है। आंगनवाड़ी करजी में जाकर श्री लंगेह ने 66 बच्चों के वजन व ऊंचाई देखे, जिसमें अधिकांश बच्चे आदर्श स्थिति में थे। कलेक्टर श्री लंगेह ने मिलेट्स से तैयार 9 बच्चों को खीर भी खिलाया तथा बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीण महिला एवं महिला स्व-सहायता समूह के कार्यकर्ताओं से कहा कि बच्चों को गरम-ताजा व पौष्टिक भोजन ही दें तथा 5 गर्भवती माताओं को गोदभराई रस्म में उपहार भी दिए तथा उनसे कहा कि आप लोग पौष्टिक भोजन करें ताकि नवजात बच्चे को सही खुराक मिले। बता दें मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के तहत पूरे प्रदेश में कुपोषण व एनीमिया के खिलाफ लगातार लड़ाई जारी है। जिले में 1 सितम्बर से 30 सितम्बर तक 'राष्ट्रीय पोषण माह' व 'पोषण अभियान' के तहत गर्भवती महिला, धात्री माता, किशोरी बालिका एवं 6 वर्ष तक के बच्चों में समग्र पोषण संबंधित परिणामों में सुधार लाने हेतु प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत संपूर्ण स्तनपान एवं ऊपरी आहार, स्वस्थ बालक स्पर्धा, पोषण भी पढ़ाई भी, मिशन लाइफ अंतर्गत पोषण गतिविधियां, मेरी माटी मेरा देश, जनजातिय केन्द्रित पोषण संवेदना एवं एनीमिया की रोकथाम और प्रबंधन जैसे थीम है। श्री लंगेह ने अपील करते हुए कहा कि 0 से 6 वर्ष के बच्चो के माता-पिता नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर अनिवार्य रूप से बच्चों का वजन कराएं और पोषण स्तर को जानने का प्रयास करें। जिले के आंगनबाडी केन्द्रों में बच्चों का वजन लिया जा रहा है। कुपोषण बच्चों में व्याप्त एक बीमारी है, जिसके होने से बच्चों का शारीरिक विकास पूर्ण रूप से नहीं हो पाता। इस हेतु 1 सितंबर 2023 से 13 सितंबर 2023 के मध्य आयोजित वजन त्यौहार में नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर बच्चों का वजन कराकर उनके पोषण का स्तर की जानकारी प्राप्त किया जा सकता है। 0 से 6 वर्ष के सभी बच्चो को माता-पिता के द्वारा उपस्थित होकर कलस्टर में वजन करा सकते हैं और पोषण स्तर को जाना जा सकता है।

# जन्माष्टमी : कहीं आज तो कहीं कल

## मंदिरों में उत्सवी वातावरण

**कोरबा।** द्वापर युग के अवतार भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव कुछ क्षेत्रों में आज यानी 6 सितंबर को मनाया जा रहा है जबकि कुछ क्षेत्रों में यह पर्व 7 सितंबर को भी संपन्न होगा। इसके लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। विशेष रूप से मंदिरों में उत्सव को लेकर व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान कृष्ण का जन्म भाद्रपद कृष्ण पक्ष मास में रोहिणी नक्षत्र को अष्टमी के दिन हुआ था। इसी हिसाब से पर्व मनाया जाता रहा है। हिंदू पर्व को मनाए जाने के पीछे तिथि, समय और नक्षत्र का विशेष महत्व होता है और इसका निर्वहन करने के साथ अनुष्ठान किए जाते हैं। लेकिन ऐसे मामलों में उदया तिथि को भी ध्यान में रखा जाता है और गृहस्थ एवं वैष्णव परंपरा का अनुशीलन करने वाला वर्ग पर्व को मानता है। पुरोहितों के अनुसार जो कालचक्र निर्धारित किया गया है उसके अनुसार यह पर्व 6 सितंबर बुधवार और 7 सितंबर गुरुवार को मनाया





जाना है। भागवताचार्य पंडित दशरथ नंदन द्विवेदी ने बताया कि गृहस्थ परंपरा वाला वर्ग 6 सितंबर को बिना किसी संशय के पर्व मना सकता है। क्योंकि आज रोहिणी नक्षत्र के साथ अष्टमी तिथि का योग रात्रि 12 बजे बन रहा है और यह जन्माष्टमी मनाने के लिए पूरी तरह से उपयुक्त है। जबकि वैष्णो परंपरा मैं साधु संत शामिल होते हैं जो इस प्रकार के त्यौहार के लिए उदया तिथि को ही सबसे उपयुक्त मानते हैं। ऐसी स्थिति में वे 7 सितंबर को जन्माष्टमी पर्व मनाएंगे हालांकि उसे दिन रोहिणी नक्षत्र जैसा संयोग नहीं है। पर वैष्णव पंथ के मामले में तिथि को मान्यता देने के लिए सूर्योदय काल बहुत ज्यादा महत्व रखता है।

इसलिए कोरबा क्षेत्र में अनेक स्थानों पर बुधवार को जन्माष्टमी पर्व मनाया जा रहा है। लोगों ने उपवास रखे हैं। मंदिरों में तैयारी की जा रही है जबकि बहुत बड़े हिस्से में इस पर्व को मनाने के लिए अगले दिवस यानी गुरुवार को आयोजन होंगे। धर्मावलंबियों ने बताया कि इसे लेकर मत अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन उनकी आस्था और भावना में कोई कमी नहीं है।

### कृष्ण के वेश में बच्चे

जन्माष्टमी के उपलक्ष में यहां वहां बच्चों में उत्साह देखा गया। वे कृष्ण के रूप में सजे सावरे नजर आए। माताओं ने भी यशोदा की भूमिका में खुद को प्रस्तुत किया।

### फूटेंगी मटकिया जगह जगह

भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव को ध्यान में रखते हुए जगह-जगह विविध आयोजन किया जा रहे हैं। पावर सिटी दर्री में आज शाम मटकी फोड़ प्रतियोगिता हो रही है। जबकि श्री राम दरबार डीएम रोड में यह आयोजन 7 सितंबर की रात्रि होगा। कोयलांचल कुष्मांडा में आज विभिन्न आयोजन संपन्न हो रहे हैं

# अब हाथियों ने बढ़ाई बिजली विभाग की परेशानी

## कटराडेरा में फिर तोड़े विद्युत पोल

**कोरबा।** जिले में कटघोरा एवं कोरबा वनमंडल में हाथियों का उत्पात जारी है। कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज के गुरमा क्षेत्र में घूम रहे दंतैल ने आज लगातार दूसरे दिन उत्पात मचाते हुए कटराडेरा में फिर दो विद्युत खंभों को धराशायी कर दिया। जिससे ग्रामीणों व बिजली विभाग की दिक्कतें बढ़ गई है। जबकि कलमीटिकरा में मौजूद 12 हाथी आगे बढ़कर पसरखेत रेंज के फुलसरी गांव पहुंच गए हैं। हाथियों ने यहां पहुंचने से पहले रास्ते में धान की फसल को रौंदकर भारी नुकसान किया है। कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में भी बड़ी संख्या में हाथियों का डेरा है। इन हाथियों ने रेंज के कोरबी सर्किल अंतर्गत डंगबोरा गांव में पहुंचकर 9 ग्रामीणों के धान फसल को रौंद दिया। हाथियों द्वारा कोरबा एवं कटघोरा वनमंडल के गांवों में उत्पात मचाए जाने की सूचना पर संबंधित वन अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार 13 हाथियों का दल कोरबा वनमंडल में धरमजयगढ़ क्षेत्र से पहुंचा है जबकि केंदई रेंज में 39 की संख्या में हाथी पहले से ही मौजूद है। इन हाथियों ने केंदई रेंज के जंगल को अपना बसेरा बना लिया है। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में मौजूद रहने तथा लगातार विचरण करने से खतरा बढ़ गया है। हालांकि वन विभाग की ओर से हाथियों पर सतत निगरानी की जा रही है। साथ



ही हाथियों के मौजूदगी वाले गांवों तथा आसपास के क्षेत्रों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है लेकिन ग्रामीण वन विभाग की चेतावनी को नजरअंदाज कर लगातार जंगल व खेतों में पहुंच रहे हैं। इधर कोरबा वनमंडल में भी 13 हाथी घूम रहे हैं जिसमें एक दंतैल काफी खतरनाक व उत्पाती किस्म का है। इस दंतैल ने डिविजन के कुदमुरा रेंज के कटराडेरा में आज लगातार उत्पात मचाते हुए यहां लगे बिजली के दो खंभों को धराशायी कर दिया। इससे पहले भी दंतैल ने चार खंभों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। बड़ी संख्या में बिजली खंभों को दंतैल द्वारा क्षतिग्रस्त किये जाने के कारण गांव में ब्लैक आउट हो गया है जिससे ग्रामीणों के साथ-साथ बिजली विभाग की परेशानी बढ़ गई है, जहां लाइन नहीं रहने से ग्रामीणों को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बिजली विभाग के समक्ष क्षतिग्रस्त खंभों के स्थान पर नए खंभे लगाने तथा विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने की चुनौती बन गई है।

# दांव-पेंच में उलझा करोड़ों का बोनस, सहकारी समितियां परेशान



**कोरबा।** जिले में वर्ष 2023 सीजन के लिए धान की खरीदी नवंबर से होना प्रस्तावित है। पहले से ही इसके लिए तैयारी कराई जा रही है लेकिन हैरानी की बात यह है कि वर्ष 2022 में धान की रिकार्ड खरीदी करने के बावजूद 49 सहकारी समितियों के कर्मियों को बोनस की राशि अब तक अप्राप्त है।

सरकारी व्यवस्था के अंतर्गत पिछले कई वर्षों से धान खरीदी के मामलों में समितियों को प्रोत्साहन व बोनस देना तय किया गया है। इसके माध्यम से वहां के कर्मियों के वेतन और अन्य खर्चे निकलते हैं। खबर के मुताबिक अबकी बार 3.50 करोड़ से ज्यादा की रकम समितियों के लिए देना बाकी है, जिसका संबंध वर्ष 2022 से बना हुआ है। दो महीने तक धान की खरीदी करने के बाद समितियों ने अंतिम मिलान पत्रक तैयार किया। इसे सत्यापित करने के साथ मार्कफेड के माध्यम से भेजने की कार्यवाही की गई। प्रदेश के अन्य जिलों में बहुत पहले बोनस की राशि का भुगतान समिति से जुड़े कर्मियों को कर दिया है। कोरबा जिले में अफसरों के दांवपेंच के चक्कर में यह मामला उलझा हुआ है।

## पुलिस कर रही जांच पड़ताल

**कोरबा।** विधानसभा चुनाव को ध्यान में रख पुलिस ने दुपहिया और अन्य वाहनों की जांच तेज कर दी है। कहा जा रहा है कि फिलहाल बाइक पर तीन सवारी करने वाले निशाने पर हैं। इसके साथ ही किसी भी तरह से संदिग्ध नजर आने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।

## मंत्री उदय का पुतला जलाएगा युवा मोर्चा

**कोरबा।** आज भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता टीपी नगर चौक पर तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री और डीएमके नेता उदय निधि का पुतला दहन करेगें। सनातन धर्म के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने पर भाजपा के कार्यकर्ता आक्रोशित है पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सोनी, सुभाष राठौर, प्रीति स्वर्णकार, धनजंय चौहान, अजय कंवर, प्रकाश यादव, शुभभ हलवाई, टिंकु रंजन दिनेश सेन, सिद्धात नारायण सोनी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहेगें।



**अपनी संस्कृति अपना विश्वास**

आधुनिकता की बयार चलने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का विश्वास अपनी संस्कृति और परंपरा को लेकर अभी भी कायम है। भगवा ध्वज के साथ राम नाम संकीर्तन करते हुए यहां प्रभात फेरी निकाली जा रही है। यह तस्वीर हमें उपलब्ध कराई है शैलेंद्र नामदेव ने।

# फंदे पर लटका युवक

**कोरबा।** बालकोनगर थाने की रजगामार चौकी क्षेत्रांतर्गत ओमपुर कालोनी में आज तड़के एक 22 वर्षीय युवक अज्ञात कारणों से फंदे पर लटक गया। परिजन उसे फंदे से उतारकर जिला अस्पताल लाए। जहां उसे परीक्षण के उपरांत डॉ.बी.के.धनेरिया ने मृत घोषित कर दिया।

रजगामार चौकी के एसईसीएल की ओमपुर कालोनी में दिलीप कुमार दुबे का 22 वर्षीय पुत्र शंकर कुमार दुबे आज तड़के आठ बजे के लगभग अपने मकान में फांसी का फंदा बनाकर लटक गया। इस बात की जानकारी उसके माता-पिता को हुई तो तत्काल फंदा काटकर उसे जमीन पर उतारा गया। जिसके बाद आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल उपचार के लिए लाया गया। उस दौरान उसकी सांसें चल रही थी। बताया जाता है कि जिला अस्पताल लाए जाने पर आपातकालीन ड्यूटी में पदस्थ चिकित्सक डॉ. धनेरिया ने उसे देखते ही परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के वार्ड ब्वाय द्वारा सूचना दिए जाने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने शव को पंचनामा कार्यवाही के उपरांत पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया।

# वेतन समझौते ने कर्मियों को किया हर्षित

**कोरबा।** विद्युत संयंत्र लैंको में संयुक्त मोर्चा के द्वारा मांग पत्र सौंपा गया था। जिसके आधार पर कई दौर की वार्ता हो चुकी थी। अब तक कुछ ही मांगो को माना गया था। त्रिपक्षीय वार्ता में कल वेतन समझौता भी कर लिया गया। यह वेतन समझौता तीन वर्ष के लिए किया गया है। आगामी समय में भी कर्मचारी हित को लेकर पूरी गंभीरता के साथ संगठन की ओर से इस तरह की कोशिश की जाएगी। वार्ता में संजीव शर्मा, भीम सिंह चौहान व शिव पाटले सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# भालू का शव मिलने की खबर

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा अंतर्गत लेमरू वन परिक्षेत्र के देवपहरी जंगल में एक वयस्क भालू के मृतावस्था में मिलने की सूचना पर लेमरू परिक्षेत्र से वन विभाग का अमला रवाना हो गया है। डिप्टी रेंजर जयनाथ गोंड़ ने बताया कि देवपहरी क्षेत्र में भालू के मृत मिलने की खबर सरगर्म है। जिस पर वन विभाग का अमला घटना स्थल के लिए रवाना हुआ है। अमले की पहुंचने के बाद ही मामले की पुष्टि होगी।

# पैदल चलने की स्पीड नहीं बढ़ने पर पत्नी की हत्या, नाला में फेंका शव

## चार साल बाद आरोपी दंडित

**कोरबा।** जंगली जानवर के आने की बात कहते हुए रास्ते में पत्नी से विवाद करते हुए उसकी हत्या करने वाले पति को कोरबा जिले की एक अदालत ने आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। प्रकरण में चार वर्ष के लंबे समय के बाद फैसला आया है। आरोपी को अदालत के आदेश पर जिला जेल भेज दिया गया।

कोरबा जिले के कटघोरा स्थित अपर सत्र न्यायालय ने हत्या से जुड़े प्रकरण में सुनवाई के बाद यह फैसला दिया। मामले में राकेश जायसवाल अधिवक्ता के द्वारा पैरवी की गई। दोष सिद्ध होने पर आरोपी पति जगदेव सिंह को दंडित किया गया। खबर के मुताबिक सितंबर 2019 में यह घटना विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा और पसान थाना के अंतर्गत लैंगा क्षेत्र में घटित हुई थी। यहां की एक दंपत्ति लैंगा बाजार से सब्जी खरीदने के बाद अपने घर लौट रही थी। रास्ते में दोनों ने जमकर कोसना शराब का सेवन किया। जंगल के रास्ते से गुजरने के दौरान पति ने पत्नी रंजती बाई को कहा कि जंगली जानवर का खतरा हो सकता है इसलिए वह चलने की गति बढ़ाए। इसी बात को लेकर दोनों में जमकर विवाद हुआ। इसका नतीजा यह रहा कि पति के द्वारा पत्थर उठाकर पत्नी के सिर पर प्रहार कर दिया गया। इतना ही नहीं उसकी मृत्यु होने पर शव को पास के नाला में फेंक दिया गया। बाद में घर पहुंचकर अन्य लोगों को पत्नी की हत्या की जानकारी दी गई। ग्राम रामपुर के उप सरपंच द्वारा इस बारे में थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। तब से अगली प्रक्रियाएं कोर्ट में चल रही थी। काफी प्रतीक्षा के बाद निर्णय सामने आया और इस आधार पर पत्नी के हत्यारे पति को जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

# बरपाली में अब उप तहसील की सुविधा



**कोरबा।** अनु विभाग और विकासखंड कोरबा के अंतर्गत आने वाले बरपाली(जिलगा) में उप तहसील की सुविधा शुरू हो गई है। प्रशासनिक विकेंद्रीकरण के अंतर्गत सरकार ने आसपास के कई गांव के लोगों को इसकी सुविधा उपलब्ध कराई है।

कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के प्रतिनिधि अजीज मोहम्मद के द्वारा इसका शुभारंभ किया गया प्रशासन ने यहां पर के.के. लहरे को तहसीलदार के रूप में पदस्थ किया है। नवीन उप तहसील के अंतर्गत बरपाली, जिलगा, समार्कना, कटकोना, टेंगरिमार, बलसेन्धा, गिरारी, गीतकुमारी, श्यांग, चिर्रा, कुदमुरा सहित कई गाव शामिल किए गए है। नवीन तहसील के शुभारंभ अवसर पर पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर, स्थानीय सरपंच, गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# नॉन में गड़बड़ी, कार्रवाई क्यों नहीं

## केंद्रीय खाद्य सुरक्षा योजना को लेकर लापरवाही

**कोरबा।** सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन की स्थानीय इकाई के कार्यों को लेकर काफी समय से शिकायतों का दौर जारी है। ऐसे मामलों में अलग-अलग स्तर पर प्रमाण दिए गए हैं और बताया गया है कि आखिर यह सब क्या है और कैसे हो रहा है। प्रकरण में नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंधक और वेयर हाउस प्रभारी पर कार्रवाई का डंडा नहीं चलने पर सवाल खड़े किये जा रहे हैं।

लोक जनशक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष राजकुमार दुबे ने प्रशासन को एक बार फिर जनदर्शन में आवेदन दिया। मांग की गई है कि कार्पोरेशन के डीएम और वेयर हाउस प्रभारी पर प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए। लंबे समय से इस संस्था में आर्थिक मनमानी का दौर कायम है। जिस तरह से उदारता दिखाई जा रही है उससे प्रतीत होता है कि जान-बूझकर ऐसे अफसरों पर कृपा की जा रही है। दुबे ने जनदर्शन में पत्र देकर प्रशासनिक अधिकारी के संज्ञान में इस बात को लाया है। देश की सबसे बड़ी खाद्य सुरक्षाा योजना का क्रियान्वयन सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन की ओर से जिले में किया जा रहा है जिसमें कई प्रकार का झोल बना हुआ है। इसे लेकर कई चीजें पहले भी अधिकारियों की जानकारी में लाई गई है और बताने की कोशिश की गई है कि किस तरह से सरकारी योजना को पलीता लगाने के साथ-साथ कई लोगों को उपकृत करने का काम किया जा रहा है।

कुल मिलाकर इन कारणों से भारत सरकार की उस मंशा को नाकाम करने की कोशिश की जा रही है, जो हर व्यक्ति को खाद्यान्न सुरक्षा का लाभ देने और शत-प्रतिशत लाभान्वित करने से संबंधित है। शिकायतकर्ता के द्वारा एक बार फिर इस प्रकरण में आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा को भी भेजी है ताकि ढिलाई की कोई संभावना न रहे।

# महुआ शराब बनाने वाला पकड़ाया, दी गई नोटिस

**कोरबा।** बांगो पुलिस ने कल राज्य शासन द्वारा शुष्क दिवस घोषित किये जाने पर भंडारण के लिए अवैध रूप से महुआ शराब बनाने वाले आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर उसे नोटिस दे दी है।

मिली जानकारी के अनुसार बांगो थानांतर्गत ग्राम कोनकोना निवासी साधुराम मरकाम उम्र 45 पिता घासीराम मरकाम 7 सितंबर जन्माष्टमी को शुष्क दिवस होने के कारण अवैध रूप से अपने घर में भंडारण के लिए बिक्री करने के वास्ते महुआ शराब बना रहा था। मुखबिर से सूचना मिलने पर बांगो थाने के कार्यवाहक प्रभारी कुंवरसाय पैकरा ने हमराह आरक्षक अनिल पोर्ते, अशोक खरे तथा विजेंद्र बिंझवार के साथ छापामार कार्रवाई करे हुए आरोपी



को महुआ शराब बनाते तथा घर में अवैध रूप से बिक्री करते गिरफ्तार कर लिया। बांगो पुलिस ने अपराध क्रमांक 128/23 धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत आरोपी के पास से 6 लीटर गेलन में भरा महुआ शराब तथा बिक्री रकम 250 रुपए जब्त कर लिया। इसके साथ ही आरोपी को अवैध रूप से शराब बनाए जाने पर नोटिस थमाते हुए उसके विरूद्ध प्रकरण तैयार कर विचारण के लिए न्यायालय पुलिस ने भेज दिया है।

# हरिद्वार से लौटी लापता महिला, मामला खत्म

**कोरबा।** मकान गिरवी रखने के विवाद को लेकर पति से रूठकर अचानक एक माह पूर्व लापता हुई विवाहिता के हरिद्वार से लौटने पर सिविल लाइन थाना रामपुर पुलिस ने कल दस्तेयाब कर लिया। इसके साथ ही गुम इंसान क्रमांक 49/23 के मामले में खात्मा डाल दिया।

मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना रामपुर क्षेत्रांतर्गत पोड़ीबहार राजकुमार सिंह उम्र 42 पिता स्व. विष्णु सिंह रहता है। उसके साथ उसकी पत्नी दीप्ति सिंह उम्र 40 भी रहती थी। पिछले अगस्त माह में 5 एवं 6 अगस्त के मध्य अपना एक मकान राजकुमर सिंह किसी को गिरवी रख रहा था। इसी वजह से दंपत्ति के मध्य विवाद हुआ। जिसके परिणाम स्वरूप श्रीमती दीप्ति सिंह अपने मायका धरमजयगढ़ जाने की बात कहकर घर से निकली और वह वापस नहीं लौटी। जबकि वह धरमजयगढ़ न जाकर अपनी दीदी की बेटी के यहां हरिद्वार उत्तराखंड चली गई।



बताया जाता है कि इस दौरान राजकुमार सिंह अपनी पत्नी की तलाश करता रहा लेकिन वह कहीं नहीं मिली। जिसके कारण उसने सिविल लाइन थाना रामपुर में गुम इंसान क्रमांक 49/23 के तहत अपनी पत्नी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करवा दिया। मामले की विवेचना कर रहे सिविल लाइन थाने के एएसआई मसतराम कश्यप ने बताया कि कल उपरोक्त विवाहिता दीप्ति सिंह कोरबा लौट आई। जिसके द्वारा सकुशल होने व पारिवारिक विवाद के कारण घर से चले जाने की जानकारी दिए जाने से संबंधित बयान दर्ज करने के बाद उसे दस्तेयाब कर लिया गया और हंसी-खुशी वह अपने पति के साथ ससुराल चली गई। इस तरह इस मामले का पटाक्षेप हो गया।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com